**दंतेवाड़ा/किरंदुल ( विश्व परिवार )।** आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (AM/NS India) ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत स्वास्थ्य सेवाओं को सुदूर क्षेत्रों तक पहुंचाने के उद्देश्य को लगातार जारी रखा है। किरंदुल के ग्राम पंचायत हिरोली में एक दिवसीय विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का सफल आयोजन किया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को उनके घर के पास ही बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना था।इस स्वास्थ्य शिविर को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। शिविर में कुल 92 लोगों ने पंजीयन कराकर अपनी जांच करवाई। चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम ने बेहद संवेदनशीलता के साथ मरीजों की समस्याओं को सुना और कुल 77 मरीजों का गहन उपचार किया। जांच के बाद इन सभी मरीजों को डॉक्टरों की पर्ची के आधार पर उच्च गुणवत्ता वाली आवश्यक दवाइयां पूरी तरह निःशुल्क प्रदान की गईं।ग्रामीणों की सेहत के सटीक मूल्यांकन के लिए शिविर में आधुनिक पैथोलॉजिकल जांच की व्यवस्था भी की गई थी। इसके तहत कुल 56 पैथोलॉजिकल टेस्ट किए गए, जिनमें मुख्य रूप से ब्लड प्रेशर , ब्लड शुगर और मलेरिया जैसी गंभीर व आम बीमारियों की जांच शामिल रही। समय पर इन बीमारियों की पहचान होने से ग्रामीणों को आगे के इलाज में बड़ी मदद मिलेगी।

इस जन-कल्याणकारी अभियान को सुचारू रूप से संपन्न कराने में स्थानीय पंचायत प्रशासन और अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का विशेष और सराहनीय योगदान रहा। हिरोली ग्राम पंचायत के सरपंच, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर और क्षेत्र की मितानिनों ने शिविर में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने न केवल ग्रामीणों को घर-घर जाकर शिविर में आने के लिए प्रेरित किया, बल्कि कतार प्रबंधन और डॉक्टरों की सहायता में भी महत्वपूर्ण सहयोग दिया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने दूरदराज के इलाकों में ऐसी निःस्वार्थ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए एएमएनएस इंडिया के इस सीएसआर प्रयास को सराहा और भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने का आग्रह किया है।

# चेम्बर का बढ़ता कारवां, व्यापारियों का बढ़ता विश्वास



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के लिए यह बेहद गर्व का क्षण है कि प्रतिष्ठित 'ग्लोबल ट्रैवल एसोसिएशन' अब आधिकारिक रूप से चेम्बर का नया सदस्य बन गया है। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी ने एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री मनीष जैन, महामंत्री श्री शुभम अग्रवाल और कोषाध्यक्ष श्री राहुल वासवानी को इस नए सफर के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री थौरानी जी के कुशल नेतृत्व में चेम्बर लगातार व्यापारियों की आवाज को शासन-प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठा रहा है और व्यापार संचालन की हर तकनीकी परेशानी को दूर कर रहा है, जिसके फलस्वरूप आज प्रदेश भर के व्यापारिक संघ लगातार चेम्बर से जुड़ रहे हैं। इस गरिमामयी अवसर पर सलाहकार गुरजीत सिंह संधू, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी, कार्यकारी महामंत्री विकास आहूजा, उपाध्यक्ष -दिलीप इसरानी, मनीष प्रजापति, अमरदास खट्टर, जितेंद्र शादीजा, मंत्री-राहुल खूबचंदानी, आकाश डुडानी सहित एसोसिएशन के सदस्यगण एवं चेम्बर पदाधिकारीगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। चेम्बर ग्लोबल ट्रैवल एसोसिएशन का चेम्बर परिवार में आत्मीय स्वागत करता है।

# अमृत भारत स्टेशन योजना | सरोना के स्कूली बच्चों ने ली सेल्फी विथ स्टेशन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय रेलवे की 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के अंतर्गत पुनर्विकसित सरोना रेलवे स्टेशन को लेकर स्थानीय स्कूली बच्चों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इसी कड़ी में आज सरोना के स्वामी आत्मानंद शासकीय हिंदी/अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में सेल्फी विथ स्टेशन प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया द्य दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल द्वारा इसके पूर्व स्कूली बच्चों के लिए निबन्ध एवं ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा चूका है। 15 जुलाई को सेल्फी विथ स्टेशन प्रतियोगिता में स्कूली शिक्षकों के सहयोग और मार्गदर्शन में बच्चों ने प्रतियोगिता का आनन्द उठाया। एक तरफ स्टेशन की खूबसूरती बच्चों को लुभा रही थी तो वही दूसरी तरफ सेल्फी के लिए उनकी उमंग देखते ही बनती थी।

स्कूल प्रबंधन और रेलवे समन्वयकों के अनुसार, इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी बच्चों का प्रयास सराहनीय रहा। दोनों स्कूलों से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं का चयन कर उन्हें विशेष रूप से पुरस्कृत व सम्मानित किया जाएगा।

## बालोद के स्कूली बच्चों ने ली सेल्फी विथ स्टेशन

भारतीय रेलवे की 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के अंतर्गत पुनर्विकसित बालोद रेलवे स्टेशन को लेकर स्थानीय स्कूली बच्चों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इसी कड़ी में आज बालोद के संत कबीर पब्लिक स्कूल और संस्कार शाला हायर सेकंडरी स्कूल में सेल्फी विथ स्टेशन प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया द्य दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल द्वारा इसके पूर्व स्कूली बच्चों के लिए निबन्ध एवं ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा चूका है द्य 15 जुलाई को सेल्फी विथ स्टेशन प्रतियोगिता में स्कूली शिक्षकों के सहयोग और मार्गदर्शन में बच्चों ने प्रतियोगिता का आनन्द उठाया द्य एक तरफ स्टेशन की खूबसूरती बच्चों को लुभा रही थी तो वही दूसरी तरफ सेल्फी के लिए उनकी उमंग देखते ही बनती थी।




स्कूल प्रबंधन और रेलवे समन्वयकों के अनुसार, इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी बच्चों का प्रयास सराहनीय रहा। दोनों स्कूलों से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं का चयन कर उन्हें विशेष रूप से पुरस्कृत व सम्मानित किया जाएगा।

# हिमलता साहू को पीएच.डी. की उपाधि



**रायपुर।** हिमलता साहू को मैट्स विश्वविद्यालय, रायपुर के शिक्षा संकाय द्वारा पी.एच.डी. की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने 'शासकीय हिन्दी माध्यम विद्यालय तथा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के विद्यार्थियों की शैक्षिक समायोजन क्षमता एवं शैक्षिक उपलब्धि का तुलनात्मक अध्ययन' विषय पर अपना शोधकार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया। यह शोधकार्य शोध निर्देशक प्रो. डॉ. परविंदर हंसपाल, डायरेक्टर, मैट्स स्कूल ऑफ़ एजुकेशन मैट्स विश्वविद्यालय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस उपलब्धि पर उनके परिवारजनों, गुरुजनों, सहयोगियों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी।

# अब बस्तर शांति और विश्वास के नए दौर की ओर अग्रसर : मुख्यमंत्री साय

- दशकों तक नक्सल हिंसा ने विकास, शिक्षा और जनजीवन को किया प्रभावित



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज छत्तीसगढ़ विधानसभा में नक्सलवाद से मुक्ति के लिए केंद्र सरकार के ऐतिहासिक सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ ने दशकों तक नक्सल हिंसा के रूप में एक गंभीर चुनौती का सामना किया है। अब केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों, सुरक्षा बलों के अदम्य साहस तथा बस्तर की जनता के विश्वास और सहयोग से प्रदेश इस चुनौती से निर्णायक रूप से मुक्त होकर शांति, सुरक्षा और विकास के नए युग में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने कहा कि यह सफलता अनेक वर्षों के सतत प्रयासों, सुनियोजित रणनीति, सुरक्षा बलों के पराक्रम तथा आम नागरिकों के सहयोग का परिणाम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सलवाद के विरुद्ध संघर्ष में सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका त्याग और समर्पण सदैव राष्ट्र को प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, छत्तीसगढ़ पुलिस, जिला पुलिस बल, विशेष सुरक्षा इकाइयों तथा अभियान में सहभागी सभी सुरक्षा एजेंसियों के साहस, समर्पण और व्यावसायिक दक्षता की सराहना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए समन्वित सुरक्षा एवं विकास आधारित रणनीति अपनाई। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में सुरक्षा अभियानों की सतत समीक्षा, संसाधनों की उपलब्धता तथा केंद्र और राज्य के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया गया, जिससे अभियान को अपेक्षित गति मिली।

उन्होंने कहा कि 24 अगस्त 2024 को रायपुर में आयोजित नक्सल प्रभावित राज्यों के पुलिस महानिदेशकों की उच्च स्तरीय बैठक के बाद नक्सलवाद के समूल उन्मूलन के लिए समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की गई।

# पदभार ग्रहण करते ही डीसीपी यातायात डॉ अर्चना झा ने स्कूल प्राचार्यों की ली बैठक

- नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर सख्त कार्रवाई एवं स्कूल बसों में सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** पुलिस उपायुक्त (यातायात) रायपुर डॉक्टर अर्चना झा ने पदभार ग्रहण करते ही सड़क सुरक्षा एवं विद्यार्थियों की सुरक्षित आवाजाही को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिले के लगभग 70 विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक आयोजित की। *बैठक में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (यातायात) श्री विवेक शुक्ला, सहायक पुलिस आयुक्त (यातायात) श्री गुरजीत सिंह, श्री सुरेन्द्र साय, श्रीमती सीमा अहिरवार तथा विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस उपायुक्त (यातायात) डॉ अर्चना झा ने कहा कि नाबालिगों द्वारा वाहन चलाना स्वयं उनके साथ-साथ अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए भी गंभीर खतरा है। उन्होंने प्राचार्यों से अपील की कि विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति नियमित रूप से जागरूक किया जाए तथा नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने से होने वाली दुर्घटनाओं से संबंधित जागरूकता वीडियो विद्यार्थियों को दिखाए जाएँ, ताकि उनमें यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित हो सके।

उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक विद्यालय में आयोजित होने वाली अभिभावक-शिक्षक बैठक (PTM) के दौरान अभिभावकों को भी स्पष्ट रूप से समझाया जाए कि वे अपने नाबालिग बच्चों को किसी भी परिस्थिति में दोपहिया अथवा चारपहिया वाहन चलाने की अनुमति न दें। उन्होंने बताया कि नाबालिग को वाहन चलाने की अनुमति देने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत वाहन स्वामी अथवा अभिभावक के विरुद्ध 25,000 रुपए तक का जुर्माना, छह माह तक के कारावास तथा अन्य वैधानिक कार्रवाई का प्रावधान है।

बैठक में स्कूल बसों की सुरक्षा व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी विद्यालयों को निर्देशित किया गया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्कूल बसों के संचालन हेतु जारी दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही प्रत्येक स्कूल बस का प्रतिमाह कम से कम एक बार अनिवार्य मैकेनिकल निरीक्षण कराया जाए तथा बस चालकों एवं परिचालकों का नियमित नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए, जिससे किसी भी संभावित तकनीकी अथवा स्वास्थ्य संबंधी समस्या का समय रहते निराकरण किया जा सके और विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं निर्बाध परिवहन सुविधा उपलब्ध हो।

पुलिस उपायुक्त (यातायात) डॉक्टर अर्चना झा ने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए पुलिस, विद्यालय प्रबंधन एवं अभिभावकों के बीच समन्वित प्रयास आवश्यक हैं।

# भाटापारा में संरक्षा सेमिनार का आयोजन




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन हेतु परिचालन, विद्युत परिचालन, इंजीनियरिंग, यांत्रिक तथा सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों के साथ भाटपारा स्टेशन में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। शंटिंग के दौरान बरती जानेवाली सावधानियां एवं गाड़ियों के परिचालन पर प्रभाव डालने वाली संभावित दशाओं की रिपोर्ट (सामान्य नियम 6.07), स्पैड से बचाव एवं ऑटोमैटिक सिग्नलिंग फेलुअर के दौरान दी जाने वाली प्राधिकार और चालक दवारा ली जाने वाली सावधानियाँ (सामान्य नियम 9.12), इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा मानसून के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां, पॉइंट्स एवं सिग्नल की विफलता के दौरान परिचालन एवं सिग्नल कर्मचारियों के द्वारा बरती जनेवाली सावधानियां, गुडस शेड एवं साइडिंग से लोड क्लियर के दौरान हॉट एक्सल, ब्रेक बाइंडिंग, डोर हीटिंग, असामान्य लोड एवं तरपोलीन को लटकने से बचाव के लिए क्रू, ट्रैन मैनेजर एवं स्टेशन कर्मचारी के दवारा की जाने वाली जाँच, संरक्षा अनुपालन हेतु राजभाषा हिंदी का महत्व, हाल ही में हुई दुर्घटनाओं का विश्लेषण किया गया।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354

# संपादकीय

## समूल सुधार की जरूरत

नीट-यूजी, जेईई, सीयूईटी आदि जैसी परीक्षाओं का मौजूदा ढांचा कोई संयोगवश सामने नहीं आया है। यह नीतिगत प्राथमिकताओं का परिणाम है। पूर्व चेतावनियों के बावजूद केंद्र ने इन्हें विभिन्न स्तरों पर लागू किया है। पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ी की अनवरत घटनाओं से भड़के युवा असंतोष के बीच शिक्षा मंत्रालय की नौ सदस्यीय कमेटी इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि कोचिंग संस्थानों का दबदबा तमाम बुराइयों का मूल कारण है। कमेटी के मुताबिक इन संस्थानों को विनियमित करने की जरूरत है, लेकिन यह सिर्फ औचक निरीक्षण या गुमराह करने वाले इश्तहारों पर रोक लगा कर नहीं किया जा सकता। इसके लिए एक राष्टीय कानून बनाने और नीट-यूजी, जेईई, और सीयूईटी जैसी प्रवेश परीक्षाओं का डिजाइन बदलने की जरूरत होगी। डिजाइन ऐसा होना चाहिए, जिससे छात्रों की कोचिंग संस्थानों पर निर्भरता घटे। जून 2025 में शिक्षा मंत्रालय ने उच्चतर शिक्षा सचिव विनीत जोशी की अध्यक्षता में ये कमेटी बनाई थी। मकसद कोचिंग संस्थानों के 'डमी स्कूल' बन जाने की समस्या से निजात और प्रवेश परीक्षाओं की स्वच्छता सुनिश्चित करने के बारे में सुझाव देना था। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक कमेटी ने अपनी ड्राफ्ट रिपोर्ट तैयार कर ली है। संभवतः दो हफ्तों में वह अंतिम रिपोर्ट सरकार को सौंप देगी। मगर ड्राफ्ट रिपोर्ट के बारे में सामने आई जानकारियों से नहीं लगता कि समिति समस्या की जड़ तक पहुंची है। नीट, जेईई, सीयूईटी जैसी परीक्षाओं का मौजूदा ढांचा कोई संयोगवश सामने नहीं आया है। यह नीतिगत प्राथमिकताओं का परिणाम है। सीयूईटी का प्रस्ताव जब आया, तो चेतावनी दी गई थी कि इससे स्कूली पढ़ाई का महत्त्व घटेगा और कोचिंग संस्थानों का धंधा बढ़ेगा। फिर भी नरेंद्र मोदी सरकार ने कॉलेजों में दाखिले के लिए ये नया सिस्टम लागू किया। और फिर समस्या सिर्फ इलीट परीक्षाओं तक सीमित नहीं है। पिछले हफ्ते ही महाराष्ट्र में टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट का पेपर लीक हो गया। परीक्षा आयोजन में ऐसी गड़बड़ियां देश भर में और जड़ तक पहुंच चुकी हैं। उनके रहते ऊपरी परीक्षाओं को दोषमुक्त बना लिया जाएगा, यह सोच अपने-आप में समस्याग्रस्त है। अतः जोशी कमेटी की सिफारिशों से मीडिया और आम चर्चाओं को फौरी तौर पर मैनेज करने में भले कुछ कामयाबी मिल जाए, उनसे ध्वस्त होती परीक्षा व्यवस्था नहीं संभलेगी। उसके लिए जिस समग्र और समूल सुधार की जरूरत है, वह फिलहाल सरकार की सोच से बाहर है।

# इस विशाल पथ पर....

श्रीमती द्रौपदी मुर्मु

बचपन से मुझे श्रीजगन्नाथ जी की अनेक प्रार्थनाएँ और भजन याद हैं। स्कूल और कॉलेज में पढ़ते समय मैं गीत गाया करती थी। जगन्नाथ जी का भजन गाकर मैं खुश होती थी। महाप्रभु को अपने निकट पाती थी। अब गीत नहीं गाती। किंतु साँझ-सबेरे महाप्रभु का स्मरण करके उनके भजन गुनगुना लेती हूँ। मुझे लगता है कि महाप्रभु हर वक्त मेरे आस-पास ही रहते हैं। विपदा-आपदा में मेरी मदद करते हैं। भक्तकवि मधुसूदन राव का गीत आज भी मैं मन ही मन गाती हूँ:



मेरे पास दिन-रात रहते हैं महाप्रभु परमेश्वर,

यह बात याद कर हृदय में पूजूँगा उन्हें निरंतर।

मैं कुछ समझने-बूझने की उम्र में पहुंचने तक जगन्नाथ जी को जानने लगी थी। हमारे घर में अक्सर जगन्नाथ जी की चर्चा होती थी। गाँव के हर टोले में उनकी महिमा का बखान होता था। जब मैं गाँव के स्कूल मंर पढ़ती थी, भक्त सालबेग की 'आहे नीड़ो शोइड़ो' प्रार्थना गाई जाती थी। स्कूल के शिक्षक जगन्नाथ जी के बारे में तरह-तरह की बातें कहा करते थे। पुरी में बड़ा मंदिर है, इतना बड़ा मंदिर और कहीं नहीं है! मंदिर में श्रीजगन्नाथ जी अपनी बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र के साथ पूजे जाते हैं। जगन्नाथ जी का रंग काला है, उनकी आँखें गोल-गोल हैं। सुभद्रा जी का रंग पीला है, बलभद्र है चाँदनी फूल की तरह सफेद। वह छवि एक बार देख लेने के बाद फिर भुलाए नहीं भूलती। सर यह भी कहते थे, जगन्नाथ हैं 'महाप्रभु', उनका प्रसाद 'महाप्रसाद' है, उनका मंदिर 'बड़ा मंदिर' है, उनका पथ 'विशाल पथ' (बोड़ो दांडो) है, और उनका समुद्र 'महोदधि' है। मयूरभंज के उपरबेड़ा गाँव से पुरुषोत्तम क्षेत्र पुरी की दूरी बहुत थी! भला देखने का अवसर मुझे कहाँ मिलता। किंतु मैं भुवनेश्वर गई और मैंने यूनिट-2 के गर्ल्स हाईस्कूल में नाम लिखवाया। हॉस्टल में रहने लगी। उसके बाद मैंने पुरी, भुवनेश्वर और कोणार्क देखा। पहली बार जगन्नाथ दर्शन की स्मृति मेरे मन से मिटी नहीं है। बहुत बड़ा मंदिर, बड़े-बड़े देवता! भला ये सब भुलाए जा सकते हैं?

क्या भुलाई जा सकती है उनकी रथयात्रा? बारह महीने में तेरह पर्व-त्योहार मनाए जाते हैं श्रीक्षेत्र में। लेकिन रथयात्रा की छटा तो निराली होती है। पूरे वर्ष भक्तगण यहाँ आकर महाप्रभु का दर्शन करते हैं मंदिर के अंदर जाकर। किंतु वर्ष में एक बार महाप्रभु अपने भव्य मंदिर से बाहर 'विशाल पथ' (बोड़ो दांडो) पर आते हैं। भक्तों को दर्शन देते हैं। तीन रथ पर तीन ठाकुर बैठकर चक्रराज सुदर्शन के साथ गुंडिचा मंदिर की ओर यात्रा करते हैं। वहाँ सात दिनों तक रहकर वापस लौट आते हैं। महाप्रभु का यह महापर्व अतुलनीय है।

बचपन से मैं जगन्नाथ जी की भक्त हूँ। वे सर्वदा मेरे परम आराध्य हैं। मेरे जीवन के उत्थान और पतन के वे नियंता हैं। मेरे दुख-सुख के कर्ता-धर्ता हैं। जीवन में मैंने बहुत कष्ट भी सहे हैं। उन सब दारुण दुखों से उबारा है मुझे महाबाहु ने। मैं उनकी बेटी जो हूँ! राष्ट्रपति पद के लिए मुझे उम्मीदवार बनाने की घोषणा होते ही मैंने महाप्रभु का स्मरण किया। इतनी ऊँचाई पर मुझे ले जा रहे हो प्रभु,



पग-पग पर मुझे सहारा देना, सदा मेरे पास रहना - यह मेरी प्रार्थना थी। उन्होंने मेरी प्रार्थना सुनी, सुन भी रहे हैं। राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार के रूप में दिल्ली में रहने के दौरान रथयात्रा का महापर्व आया। परंतु पुरी जाना संभव नहीं था। रथयात्रा के दिन बड़े भोर में दिल्ली के हौजखास में बने जगन्नाथ मंदिर जाकर मैंने महाप्रभु के दर्शन किए। आनंद से भर गया मन। उनका आशीष मुझ पर बरस गया। बड़े आत्मविश्वास से मैंने अपना नामांकन-पत्र दाखिल किया। अत्यंत उत्साह से चुनाव कैंपेन में भाग लिया। 25 जुलाई, 2022 को पार्लियामेंट के सेंट्रल हॉल में शपथ लेने जाते समय मैं जगन्नाथ जी से प्रार्थना करते-करते जा रही थी। उनके आशीर्वाद से मेरा शपथ-पाठ खूब अच्छी तरह संपन्न हुआ। राष्ट्रपति के रूप में मेरे प्रथम भाषण के समय मानो वे मेरे साथ ही थे।

पुरी जाकर महाप्रभु के दर्शन के लिए मेरा मन व्याकुल हो उठा। दिन बीतते चले गए, लेकिन मैं पुरी नहीं जा सकी। मुझे लगा कि बिना उनके बुलावे के कोई कैसे उनके पास जा सकता है! मैंने मन ही मन उनसे कहा, मेरा कोई दोष हो तो क्षमा करो प्रभु, मुझे पुरी बुलाओ, दर्शन दो। वे 'भाव' के ठाकुर हैं। मेरा 'भाव' कैसे नहीं समझते? कुछ ही दिनों में पुरी जाने का कार्यक्रम तय हो गया। उस दिन 10 नवंबर, 2022 था। पुरी में अवतरण करने के बाद कार-केड चल पड़ा श्रीमंदिर की ओर। कार-केड पुरी के प्रशस्त पावन-पथ पर पहुँचते ही मेरे अंदर एक अपूर्व भावना का संचार हुआ। यह विशाल-पथ महाप्रभु जगन्नाथ का ही है। यहाँ क्या आवश्यकता है प्रोटोकॉल की? पुरी तो क्षेत्रराज के रूप में प्रसिद्ध है। महाप्रभु देवाधिदेव हैं। और अधिक कुछ सोचने से पहले मैंने गाड़ी रुकवाई। मेरी गाड़ी रुकने पर पीछे आ रही सारी गाड़ियाँ रुक गईं। किसी के कुछ समझने से पहले मैंने पावन-पथ पर नंगे पैर चलना शुरू कर दिया। श्रीमंदिर लगभग दो किलोमीटर दूर था। मंदिर के नीलचक्र और पतित पावन-ध्वज को देखते हुए मैं आगे बढ़ती चली गई।

पथ के दोनों किनारों पर खड़े बच्चों, महिलाओं, युवा-छात्रों और बुजुर्गों को नमस्कार भी करती जा रही थी। मेरा ध्यान था जगन्नाथ जी के पास। श्रीमंदिर के सिंहद्वार के पास पहुंचते ही मैं स्थिर नहीं रह पाई। तब तक मैं खुद को भूल चुकी थी। पावन-पथ की धूल में साष्टांग लेटकर मैंने महाप्रभु को प्रणाम किया। उसके बाद मंदिर में प्रवेश। गर्भगृह में पहुंचकर चतुर्धा मूर्तियों का दर्शन करते ही मैं आनंद से अभिभूत हो गई। महाप्रभु जगत के नाथ हैं, अनाथों के नाथ हैं। जगत के लोगों का दुःख दूर करने के लिए वे सदा तत्पर रहते हैं। इसलिए उनकी गोल-गोल आँखों की पलकें कभी नहीं झपकतीं। उनके लिए छोटा-बड़ा कोई नहीं है। वे सबको सामान दृष्टि से देखते हैं, समता के मंत्र से सबको अभिमंत्रित करते हैं। उनकी करुणा पाकर ही मैंने समाज के हर वर्ग की सेवा में स्वयं को समर्पित किया है। गोल-गोल आँखों वाले की ओर देखते हुए करबद्ध होकर बोली, आपके आशीर्वाद से मेरा यह समर्पण भाव हमेशा बना रहे, हे महाबाहु। देश-दुनिया पर अपनी छत्र-छाया बनाये रखें, हे कृपानिधि! यह कहते हुए मैं भक्तिभाव से विह्वल हो उठी।

# आलेख

## 90 फीसदी लोगों की समस्याओं का कोई मतलब नहीं

हरिशंकर व्यास

भारत के एक स्टैंड अप कॉमेडियन हैं वीर दास। वीर दास ने अमेरिका के जॉन एफ कैनेडी सेंटर में एक शो किया था, जिसकी थीम उन्होंने रखी थी 'आई कम फ्रॉम टू इंडियाज'। इस शो में उन्होंने भारत के विरोधाभासों के बारे में बताया था। विरोधाभास कई स्तर पर था। सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक हर तरह के विरोधाभास पर उनकी टिप्पणी थी। जैसे वीर दास ने कहा कि हिंदू दिन में देवियों की पूजा करते हैं और रात में महिलाओं के ऊपर अत्याचार होते हैं। इस तरह की अनेक बातें थीं, जिनको लेकर भारत में खूब विवाद हुआ। वीर दास के खिलाफ प्रदर्शन हुए। उनको देश विरोधी और हिंदू विरोधी बताया गया। उन पर पाबंदी लगाने की बात हुई।

यह सिर्फ इसलिए हुआ क्योंकि उन्होंने दो भारत की तस्वीर दिखाई थी।

सवाल है कि क्या देश के अंदर दो या कई पहचान, कई नाम नहीं हैं? भारत की विविधता की चर्चा होती है। लेकिन वह विविधता भौगोलिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, भाषायी स्तर पर है तो उसे गौरवशाली बता कर प्रस्तुत किया जाता है। लेकिन सामाजिक या आर्थिक विषमताओं की जैसे ही कोई चर्चा करता है वैसे ही वह निशाने पर आ जाता। धार्मिक मामलों में भी विरोधाभासों की बात करें तो लोगों को बुरा लग जाता है। तभी सवाल है कि कैसे असली भारत की तस्वीर सामने आएगी? दूसरे भारत की ही तस्वीरें हर जगह दिखाई जाती हैं और उसी आधार पर दावा किया जाता है कि भारत तरक्की कर रहा है और आगे बढ़ रहा है, जबकि असल में ऐसा नहीं है।

मिसाल के तौर पर भारत में किसी से कहा जाएगा कि आर्थिक हालत बहुत खराब है, देश की अर्थव्यवस्था रसातल में जा रही है या आम आदमी बहुत परेशान है। तो तुरंत एक दूसरी तस्वीर पेश कर दी जाती है। यह तस्वीर दूसरे भारत की है। कहा जाता है कि अगर आर्थिक स्थिति इतनी खराब है तो लाखों की संख्या में आईफोन कैसे बिक रहे हैं? इन सवालों से लाजवाब करने की कोशिश होगी कि मॉल भरे हुए हैं, थिएटर भरे हुए हैं, महंगे फोन खरीदने के लिए लोग लाइन लगा कर खड़े हैं, महंगी गाड़ियों के लिए एडवांस बुकिंग हो रही है और कई महीनों की वेटिंग है फिर गरीबी कहां है? इस सवाल का क्या जवाब हो सकता है कि सिवाए इसके कि दो भारत हैं। एक भारत 90 या 95 फीसदी लोगों का है, जिनका जीवन संघर्षों से भरा है। जो पांच किलो अनाज से लेकर खैरात की दूसरी योजनाओं के इंतजार में रहते हैं। यह वो आबादी है, जो किसी तरह से जीवनयापन कर रही है। इसके मुकाबले जो पहला भारत है वह पांच से 10 फीसदी लोगों का है। अगर 10 फीसदी भी मानें तो यह संख्या 14 करोड़ के आसपास होती है। इस आबादी में काम कर रहे या रिटायर हो गए सरकारी अधिकारी व कर्मचारी हैं, जिनको नियमित वेतन और पेंशन मिल रहा है। संगठित क्षेत्र में काम करने वाले निजी पेशेवर हैं और मध्यम व बड़े कारोबारी हैं।

यह आबादी अपने आप में इतनी बड़ी है कि महंगे फोन और महंगी गाड़ियों का बाजार इनके लिए छोटा पड़ जाएगा।

यह आबादी ब्रिटेन की पूरी आबादी के ढाई गुने के बराबर है। अमेरिका की कुल आबादी के आधे से थोड़ी ही कम है। यह आबादी अगर अलग कर दी जाए तो एक खूब संपन्न और विकसित देश दिखेगा। लेकिन बाकी 90 फीसदी लोगों का क्या? क्या 10 फीसदी लोग महंगे फोन और महंगी गाड़ियां खरीदने के लिए लाइन लगा रहे हैं इसलिए मान लिया जाए कि 90 फीसदी लोगों की समस्याओं का कोई मतलब नहीं है! क्या यही दो भारत की वास्तविकता नहीं है?

# मोदी को मिले पुरस्कारों पर गार्जियन की हताशा

योगेंद्र योगी

जिला स्तर, वार्ड स्तर, राज्य स्तर या राष्ट्रीय स्तर पर सरकारी और निजी क्षेत्र में पुरस्कार के लिए कितने पापड़ बेलने पड़ते हैं, इन्हें पाने के लिए लोग अपनी पूरी उम्र खपा देते हैं। उसमें भी जबरदस्त प्रतिस्पर्धा होती है, तब कहीं जाकर किसी एक का चयन किया जाता है। ऐसे में देशों द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिए जाने वाले पुरस्कार का मापदंड कितना कठोर होगा, इसकी कल्पना ही की जा सकती है। इन पुरस्कारों में पुरस्कार देने वाली सरकार के साथ उन देशों के करोड़ों लोगों की भावनाएं भी जुड़ी होती हैं दि गार्जियन अखबार ने मोदी और भारत की छवि धूमिल करने के लिए अंग्रेजी में एक लेख लिखा, जिसका सारांश यह है कि कोई झूठे भी पुरस्कार देने के लिए बुलाए तो प्रधानमंत्री मोदी दौड़े दौड़े चले जाते हैं। मतलब यह अखबार कहना चाह रहा है कि मोदी पुरस्कार के भूखे हैं, साथ ही यह भी जताने की कोशिश कर रहा है, जिन देशों ने मोदी को उनकी विदेश यात्रा के दौरान पुरस्कार दिए, उनकी कोई प्रतिष्ठा नहीं है। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी को इन देशों ने फिजूल में पुरस्कार दिए हैं। गार्जियन ने यह लेख लिख कर मोदी सहित भारत का तो अपमान किया ही है, साथ ही मोदी को पुरस्कार देने वाले उन देशों के नागरिकों, पुरस्कारों और उन देशों के राष्ट्रप्रमुखों का भी अपमान किया है। इस लेख की भड़ास के बावजूद पीएम मोदी को पुरस्कारों का सिलसिला थम नहीं रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इंडोनेशिया के सर्वोच्च सम्मान 'बिंतांग आदिपूर्णा ऑफ द रिपब्लिक ऑफ इंडोनेशिया' मेडल ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। यह सम्मान पीएम मोदी की इंडोनेशिया यात्रा के दौरान राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने प्रदान किया। वर्ष 2016 से अब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एशिया, यूरोप, अफ्रीका और अमरीका के देशों से ऐसे 34 सम्मान मिल चुके हैं। यह किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री को मिले सम्मानों में सबसे अधिक हैं। इनमें से कुछ सम्मान सदियों पुराने हैं, जबकि कुछ सम्मान संबंधित देशों की सम्मान प्रणाली में हाल ही में शामिल किए गए हैं। गार्जियन का यह लेख भारत की छवि को नुकसान पहुंचाने का कुत्सित प्रयास है। विश्व का बड़ा और प्रभावशाली शायद ही कोई देश बचा होगा, जिसके प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति ने मोदी और भारत की तारीफ नहीं की होगी। दरअसल यह तारीफ पाश्चात्य मीडिया पचा नहीं पा रहा है। पचा इसलिए भी नहीं पा रहा है कि भारत न सिर्फ घरेलू स्तर पर बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी तरक्की के झंडे गाड़ रहा है। चंद्रयान और मंगलयान मिशन की कामयाबी इसके बड़े उदाहरण हैं, जो विकसित देश भी हासिल नहीं कर सके। यह अखबार यह भी भूल गया कि जब कोरोना काल में पूरी दुनिया में हाहाकार मचा हुआ था, तब भारत ने ही कोरोना वैक्सीन दर्जनों देशों को निशुल्क भेज कर करोड़ों लोगों की जानें बचाने का काम किया था। क्या ऐसे परोपकारी कार्यों के लिए उन्हें विदेशी पुरस्कार नहीं दिया जा सकता। गार्जियन ने इसका जिक्र कभी नहीं किया कि विश्व को मोदी नेतृत्व में भारत ने क्या-क्या दिया है। भारत की यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस जैसी सस्ती और सुलभ डिजिटल पेमेंट प्रणाली को नेपाल, भूटान, सिंगापुर, यूएई और मॉरीशस ने अपना लिया है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बात करें तो भारत की प्राचीन धरोहर योग को मोदी सरकार के प्रयासों से वैश्विक मान्यता मिली। संयुक्त राष्ट्र द्वारा हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। मोदी सरकार के प्रयासों से ही अफ्रीकी संघ को जी-20 का स्थायी सदस्य बनाया गया। भारत प्राकृतिक आपदा के दौरान विश्व के देशों के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़ा रहा है। तुर्किये और सीरिया में आए भूकंप के दौरान मिशन सागर और ऑपरेशन दोस्त के जरिए विश्व स्तर पर मानवीय सहायता पहुंचाई गई। वेनेजुएला में विनाशकारी भूकंप के बाद ऑपरेशन अमिस्ताद के तहत बचाव दल और पोर्टेबल अस्पताल भेजे गए। म्यांमार में ऑपरेशन ब्रह्मा (2025) और ऑपरेशन सहायता (2008) के तहत भूकंप व चक्रवात के दौरान भारी राहत सामग्री व चिकित्सा सुविधाएं दी गईं। श्रीलंका में सुनामी (2004) में ऑपरेशन रेनबो और चक्रवात (2025) में ऑपरेशन सागर बंधु के माध्यम से सहायता प्रदान की गई। भारतीय नौसेना ने हालिया समुद्री सुरक्षा अभियानों (मुख्य रूप से अरब सागर और अदन की खाड़ी) में 520 से अधिक लोगों की जान बचाई है और ईरान, लाइबेरिया, माल्टा और सेंट विंसेंट एंड द ग्रेनाडाइन्स जैसे विभिन्न देशों के झंडे वाले जहाजों को समुद्री लुटेरों से सुरक्षित मुक्त कराया है। इन अभियानों की सबसे बड़ी खासियत यह रही है कि नौसेना ने बिना किसी राष्ट्रीय भेदभाव के, पाकिस्तानी और ईरानी नागरिकों सहित कई देशों के नाविकों को भी बचाया है। गार्जियन खासकर विदेशी मीडिया को कथित मानवाधिकारों के उल्लंघन पर भारी परेशानी है। भारत में उन्हें यह उल्लंघन नजर आता है। अंग्रेजों ने भारत पर 200 साल राज किया। अंग्रेज शासकों ने इस अवधि में भारतीयों पर अत्याचारों के सारे रिकार्ड तोड़ दिए। अंग्रेज व्यापारी बन कर आए और तानाशाह बन बैठे, खूब लूट खसूट की और भारत से सारा मालमत्ता समेट कर चंपत हो गए। आज भी कोहिनूर का हीरा इन्हीं अंग्रेजों के पास है, जो यह बताता है कि किस तरह इन्होंने भारत में लूटपाट मचाई थी। ऐसे मानवाधिकारों के उल्लंघन गार्जियन जैसे अखबारों को दिखाई नहीं देते। मानवाधिकारों के इन विदेशी पैरोकारों को जलियांवाला बाग दिखाई नहीं देता, जहां निहत्थे प्रदर्शकारियों को चारों तरफ से घेर कर एक अंग्रेज अधिकारी डायर ने गोलियों से भून डाला था। गार्जियन को यह कभी दिखाई नहीं दिया कि किस तरह केंद्र सरकार ने मुसलमानों की भलाई का एक ऐतिहासिक काम किया, जिसे करने से पूर्ववर्ती प्रधानमंत्री डरते रहे। देश की करोड़ों मुस्लिम महिलाओं को तलाक के बाद मिलने वाला कानूनी हक दिलवाया है।

# पंजाब में कांग्रेस का भविष्य क्या होगा

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

पंजाब कांग्रेस के प्रभारी भूपेश बघेल यह विवाद सुलझाने आए हैं। लेकिन चरणजीत सिंह चन्नी ने उन्हें मिलने से ही इन्कार कर दिया। राजा वडिंग ने तो यहां तक कह दिया कि पार्टी के लिए मैं किसी के भी जूते सिर पर रखने को तैयार हूं। लेकिन उनकी समस्या है कि जिनके जूते वे सिर पर रखने को तैयार हैं, वे अब अपने जूते भी उनको देने के लिए तैयार नहीं हैं। भूपेश बघेल ने भी चन्नी को राहुल गान्धी का संदेश सुना दिया है। उनका कहना है कि किसी भी हालत में वडिंग को प्रदेश अध्यक्ष के पद से हटाया नहीं जाएगा। जाहिर है कांग्रेस के लिए आने वाले पांच छह महीने संकट के हैं। क्या चन्नी अपने साथियों सहित कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हो जाएंगे? क्या वे अपनी अलग क्षेत्रीय पार्टी बनाएंगे? इसका उत्तर कुछ दिनों में ही मिल जाएगा। लेकिन इतना निश्चित है कि कांग्रेस एकजुट होकर चुनाव में नहीं उतरेगी। वह खंड खंड होकर या फिर खंड खंड भाव से चुनाव मैदान में उतरेगी पंजाब में कांग्रेस का संकट गहराता जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने लगता है पार्टी के हाईकमान से बगावत ही कर दी है। चन्नी का कहना है कि पंजाब कांग्रेस के वर्तमान अध्यक्ष राजा वडिंग को हटा कर उन्हें अध्यक्ष बना दिया जाए। अध्यक्ष बनने की तमन्ना तो दर्जन भर के करीब दूसरे छोटे बड़े नेताओं में भी है, लेकिन फिलहाल वे चन्नी की छाया में छिपे रहने को तैयार हो गए लगते हैं। अलबत्ता राजा वडिंग को हटाने को लेकर अनेक नेताओं में सहमति है। इसको लेकर कांग्रेस पार्टी की हाईकमान (जिसे सुविधा के लिए राहुल गांधी पढ़ा जाए) ने तीन सदस्यों की कमेटी गठित कर दी थी। उस कमेटी ने कई दिन लम्बी लम्बी बैठकों का सिलसिला शुरू किया। पंजाब कांग्रेस के सभी नेताओं, जिनका पंजाब में कोई महत्व था, उनको भी और जिनका महत्व नहीं था उनको भी, दिल्ली बुलाया गया। उनको अलग अलग सुना गया। कांग्रेस हाईकमान मान कर चलती है यदि एक साथ सुना जाए तो यह हाईकमान के खिलाफ षड्यंत्र होता है। इतनी लम्बी कवायद के बाद हाईकमान ने फैसला सुना दिया कि पंजाब में संगठन में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। वडिंग ही अध्यक्ष रहेंगे और प्रताप सिंह बाजवा ही विधानसभा में विपक्ष के नेता बने रहेंगे। इस फैसले से राजा वडिंग को छोड़ कर लगभग सभी नेता जो किसी तरह की भी अहमियत रखते हैं, नाराज हुए। लेकिन दो लोग सबसे ज्यादा नाराज हुए। एक चरणजीत सिंह चन्नी



और दूसरे कभी उनके मंत्रिमंडल में उपमुख्यमंत्री रह चुके सुखजिन्दर सिंह रन्धावा। अब इसे संयोग ही कहना चाहिए कि राहुल गान्धी ने रन्धावा को राजस्थान में पार्टी का प्रभारी बनाया हुआ है और उनकी अहम ड्यूटी वहां अशोक गहलोत और सचिन पायलट के विरोधी गुटों में तालमेल बिठाना है। चरणजीत सिंह चन्नी ने अपना गुस्सा निकालने का परंपरागत तरीका चुना। उन्होंने मोरिंडा के अपने घर में पंजाब कांग्रेस के महत्वपूर्ण नेताओं की बैठक बुला ली। राजा वडिंग को पता चलना ही था। चन्नी ने जिन नेताओं को बुलाया था, कहा जाता है वडिंग ने उन सभी को फोन कर वहां न जाने की चेतावनी दी। जो लोग वडिंग के भाषा प्रयोगों को जानते हैं, उन्होंने अंदाजा लगाया था कि चेतावनी किस प्रकार दी गई होगी। इसलिए राजा वडिंग आश्वस्त थे कि चन्नी के घर कोई नहीं जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जिनको चन्नी ने बुलाया था वे तो गए ही, जिनको नहीं बुलाया था वे भी चले गए। सुखजिन्दर सिंह रन्धावा वहां नहीं थे। कुछ लोग कहते हैं उनका मन वहीं भटक रहा था। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में ही संकेत दिया कि वहां जाने-न जाने का प्रश्न नहीं है, हम सब मिल कर पार्टी को मजबूत कर रहे हैं। पार्टी को मजबूत करने की यह 'चन्नी शैली' कांग्रेस में नया चलन नहीं है। इससे पहले भी यह प्रयोग किया जा चुका है। तब पंजाब में कांग्रेस सरकार थी और महाराजा अमरेन्द्र सिंह मुख्यमंत्री थे और सुनील जाखड़ पार्टी अध्यक्ष थे। राहुल गान्धी ने सुनील जाखड़ को हटा कर नवजोत सिंह सिद्धु को पार्टी अध्यक्ष बना दिया था। नवजोत सिंह सिद्धु ने अपनी ही पार्टी के मुख्यमंत्री को हटाने का अभियान छेड़ दिया था। उसका कहना था कि इससे पार्टी और भी मजबूत होगी। तब राहुल गान्धी ने प्रदेश कांग्रेस के सभी नेताओं, जिनकी अहमियत थी, उनको और जिनकी अहमियत नहीं थी उनकी भी, सलाह ली। कहा जाता है पार्टी के अधिकांश नेताओं जिनकी अहमियत थी, की यह सलाह थी कि सुनील जाखड़ को मुख्यमंत्री बनाया जाए। उस समय कांग्रेस की परंपरा को याद करते हुए एक ऐसी औरत की सलाह सार्वजनिक की गई जिसकी अहमियत उस समय पंजाब की राजनीति में बिल्कुल ही नहीं थी। उसकी सलाह थी कि पंजाब में किसी हिंदू को मुख्यमंत्री नहीं बनाया जा सकता। यह औरत अम्बिका सोनी थी। नई पीढ़ी के बहुत से कांग्रेसियों ने शायद उसका नाम भी नहीं सुना था। राहुल गान्धी ने अम्बिका सोनी की सलाह का सम्मान करते हुए चरणजीत सिंह चन्नी को मुख्यमंत्री बना दिया। कहा जाता है निर्णय इतना अचानक था कि चन्नी को भी तभी विश्वास हुआ कि उनको राहुल गान्धी ने मुख्यमंत्री बना दिया है जब उन्होंने मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली।

# मानव सेवा हेतु पुष्पगिरी तीर्थ के विकास को मिलेगा नया आयाम

■ कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने किया तीर्थ का दौरा, ट्रस्ट के प्रस्तावों पर शीघ्र कार्रवाई का दिया आश्वासन





**औरंगाबाद ( विश्व परिवार )।** विश्व के प्रथम मानव सेवा पुष्पगिरी तीर्थ में एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं जनकल्याणकारी कार्य को शीघ्र मूर्त रूप देने की दिशा में प्रशासन ने सकारात्मक पहल की है। तीर्थ ट्रस्ट द्वारा प्रस्तुत विशेष निवेदन पर माननीय कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह स्वयं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पुष्पगिरी तीर्थ पहुंचे।

इस अवसर पर उनके साथ डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम तथा तहसीलदार भी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने तीर्थ में विराजमान गणाचार्य श्री 108 पुष्पदन्तसागरजी महामुनिराज एवं अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्नसागरजी महामुनिराज ससंघ के पावन दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इसके पश्चात ट्रस्ट के अध्यक्ष कार्यालय में बैठक आयोजित की गई, जिसमें ट्रस्ट पदाधिकारियों ने पुष्पगिरी तीर्थ के इतिहास, वर्तमान विकास कार्यों तथा भविष्य की योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। साथ ही तीर्थ पर प्रस्तावित विशेष मानव सेवा से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य के संबंध में प्रशासन को विस्तार से अवगत कराया गया।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह ने ट्रस्ट द्वारा दिए गए निवेदन का गंभीरतापूर्वक अवलोकन किया तथा संबंधित विषय पर आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जनहित एवं धार्मिक आस्था से जुड़े इस महत्वपूर्ण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा।

कलेक्टर के इस सकारात्मक आश्वासन से ट्रस्ट मंडल एवं श्रद्धालुओं में हर्ष का वातावरण है। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशासन के सहयोग से विश्व के प्रथम मानव सेवा पुष्पगिरी तीर्थ में प्रस्तावित यह विशेष कार्य शीघ्र ही साकार होगा, जिससे तीर्थ की गौरवशाली पहचान और अधिक सुदृढ़ होगी तथा मानव सेवा के नए आयाम स्थापित होंगे। इस समय अध्यक्ष प्रकाश अजमेरा सचिव सुभाष जी जैन फास्टिंग फाउन्डेशन के फाउंण्डर श्री आकाशजी जैन देवास कलेक्टर श्री ऋतुराजजी, ,ष्ठरू श्री संजीवजी जैन, श्री स्ष्ठरू श्री आंनदजी मालवीया, तहसीलदार श्रीमती नेहा मैडमजी, ट्रस्टी श्री महावीरजी गंगवाल,श्री ट्रस्टी प्रमोदजी जैन,, जानकारी प्रचार प्रसार संयोजक रोमिल पाटणी सोनकच्छ नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद ने दी है।

# सुनाई देने की दुर्बलता बुढ़ापे को दूभर बना देती है, श्रवण यन्त्र बाँटकर मिटा रहे तकलीफ

■ श्रवण यन्त्र से 4 बच्चों व 9 बुजुर्गों की तकलीफ हुई दूर



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** शरीर के किसी भी अंग की दुर्बलता बुढ़ापे को दूभर बना देती है , कानों से कम सुनाई देना भी बड़ी परेशानी है । जैन संवेदना ट्रस्ट इस परेशानी को श्रवण यन्त्र बाँटकर दूर करने का प्रयास कर रहा है । श्रवण यन्त्र से 13 लोगों के जीवन में खुशियां लौटी । जैन संवेदना ट्रस्ट ने आज से साधर्मिक भक्ति व अनुकम्पा सेवा सप्ताह का आरम्भ किया है । सेवा सप्ताह के आरम्भ में 13 दिव्यांगों को श्रवण यन्त्र वितरित किए गए । जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने इस अवसर पर कहा कि मानवता की सेवा जीवन का सर्वोत्तम कार्य है।

जीवन भर सुनने के बाद जब बुढ़ापे में कम सुनाई देने लगता है तो बड़ी समस्या पैदा हो जाती है । इस वक़्त श्रवण यन्त्र ही बड़ा सहारा होता है । जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा गूंगे बहरे लोगों का परीक्षण कर श्रवण यंत्र का वितरण किया जाता है। ट्रस्ट के वीरेन्द्र डागा ने बताया कि बच्चों में कु सबीना व खुशी को जन्म से सुनाई नही देता था , डॉक्टरों ने जांच कर बताया कि श्रवण यन्त्र लगाकर सुनाई दे सकता है। श्रवण यन्त्र लगाकर सभी बच्चे सुनने लगे हैं। सभी के माता पिता प्रफुल्लित होकर जैन समाज का आभार जताया है। जैन संवेदना ट्रस्ट ने वर्ष 2026 में 1000 लोगों की मदद का लक्ष्य रखा है। जुलाई के आरम्भ में ही 4 बच्चों के अलावा 9 बुजुर्गों को भी श्रवण यन्त्र देकर सुनने की समस्या से निजात दिलाई। जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा मूक पशु पक्षियों की सेवा, मानव सेवा के अंतर्गत श्रवण यन्त्र, कृत्रिम हाथ , कैलिपर्स, वैशाखी, बी पी नापने की मशीन, शुगर टेस्टिंग मशीन का नि:शुल्क वितरण तथा मानव कल्याण में साधर्मिक भाई बहनों के स्वावलंबी जीवन, व्यवसायिक उत्थान व विवाह योजना पर लगातार कार्य किये जाते हैं । जिन बच्चों बुजुर्गों को कम सुनाई देता है वे आड़ियोमैट्री जांच करवा कर महेन्द्र कोचर 9301056004 व विजय चोपड़ा 9301739494 से सम्पर्क कर सकते हैं।

# शाला प्रबंधन समिति ने बच्चों के साथ मिलकर किया पौधरोपण



**आरंग ( विश्व परिवार )।** बुधवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में शाला प्रबंधन समिति का बैठक रखा गया। जिसमें शाला विकास योजना पर विस्तार पूर्वक चर्चा परिचर्चा की गई। बैठक से पूर्व शाला प्रबंधन समिति के सद्स्यों व पंचायत प्रतिनिधियों ने बच्चों और शिक्षकों के साथ मिलकर पौधरोपण किया। जिसमें बच्चों ने काफी उत्साह से भाग लिया। वहीं पौधरोपण में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चेतन पैगम्बर, उपाध्यक्ष लक्ष्मी साहू,सरपंच देवशरण धीवर, उपसरपंच रवि कुमार बंजारे, शिक्षाविद् श्रीमती सकुन चंद्राकर, पंचायत प्रतिनिधि प्रेमलाल साहू, संस्था प्रधान के के परमाल, शिक्षक सुशील कुमार आवडे, महेन्द्र कुमार पटेल, सूर्यकांत चंद्राकर, दीनदयाल धीवर, डिलेश्वर प्रसाद साहू शिक्षिका संगीता पाटले सहित समिति के अन्य सदस्यों व बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बैठक का संचालन शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल ने किया।

# सुरक्षित बचपन, सशक्त भविष्य के लिए छत्तीसगढ़ में जागरूकता अभियान तेज

■ पॉक्सो कानून, साइबर सुरक्षा और गुड टच-बैड टच की दी जा रही जानकारी



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार बच्चों के सुरक्षित, सम्मानजनक और भयमुक्त बचपन के निर्माण के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिला प्रशासन के समन्वय से प्रदेश के विभिन्न जिलों में बाल संरक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों और किशोर-किशोरियों को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा कानूनी संरक्षण के प्रति जागरूक बनाना है।

इसी कड़ी में बलरामपुर जिले में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोधा एवं शासकीय उच्चतर कन्या विद्यालय कछिया में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, गुड टच-बैड टच, बाल सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, नशामुक्ति, बाल विवाह, बाल श्रम तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई।

विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को बताया कि सुरक्षित बचपन प्रत्येक बच्चे का अधिकार है। यदि किसी भी प्रकार की असहज, अनुचित या शोषण की स्थिति का सामना करना पड़े तो वे बिना किसी भय या संकोच के अपने माता-पिता, शिक्षकों अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की सहायता लें। बच्चों को अच्छे और बुरे स्पर्श की पहचान, आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने तथा समय पर शिकायत करने के लिए भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव, बाल विवाह और बाल श्रम जैसी सामाजिक कुरीतियों के बारे में जागरूक करते हुए इनके कानूनी और सामाजिक दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। साथ ही स्वास्थ्य, स्वच्छता और जीवन कौशल से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर भी संवाद किया गया।

# एचएनएलयू ने वैश्विक विश्वविद्यालय नवाचार व सहयोग के लिए किए समझौते




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एचएनएलयू), रायपुर ने थाईलैंड के बैंकॉक स्थित आईकॉनसियाम कन्वेंशन सेंटर में 9-10 जुलाई 2026 को आयोजित एसोसिएशन ऑफ यूनिवर्सिटीज़ ऑफ एशिया एंड द पैसिफिक (AUAP) - वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स फॉर इनोवेशन (WURI) इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान वैश्विक विश्वविद्यालय नवाचार एवं सहयोग विषयक एक ऐतिहासिक बहुपक्षीय समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह रणनीतिक समझौता उच्च शिक्षा, नवाचार, अनुसंधान तथा सतत विकास के क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य सहभागी विश्वविद्यालयों के मध्य दीर्घकालिक संस्थागत साझेदारी का प्रभावी ढांचा विकसित करना है।

इस बहुपक्षीय समझौते पर दक्षिण एशिया, दक्षिण-पूर्व एशिया तथा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के 20 अग्रणी विश्वविद्यालयों ने हस्ताक्षर किए हैं। 'सरकार के साथ साझेदारी में विश्वविद्यालय नवाचार: नीति, तंत्र और प्रभाव' विषय पर आयोजित इस दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में विश्वभर के विश्वविद्यालयों के प्रमुखों, नीति-निर्माताओं, नवाचार विशेषज्ञों तथा शिक्षाविदों ने भाग लिया। यह सम्मेलन उच्च शिक्षा में नवाचार आधारित संस्थागत पहलों को साझा करने तथा वैश्विक शैक्षणिक साझेदारियों को सुदृढ़ करने का एक प्रमुख मंच सिद्ध हुआ।

# साहित्य सुमन बलौदाबाजार में पावस कविगोष्ठी सम्पन्न




**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** श्री रमाकांत झा के निवास पर साहित्यिक संस्था साहित्य सुमन बलौदाबाजार की पावस गोष्ठी श्री गोविंद राम वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।इस अवसर पर गोविंद राम जी ने बरसात पर केंद्रित भावपूर्ण काव्यपाठ किया ।नेहरू जी सिस्टम के दांत के बीच जनता दबी है जीभ की तरह और सुशील पाठक ने सभ्यता से मिलने पर संस्कृति नजर आयी का स्वर के साथ पथ किया । डॉ टेकराम ने प्रेरणास्पद कविता दुनिया हे माया के बाजार ,रक्तदान करौ जी,देहदान कर तथा रामकुमार ने काट चुकी बेड़ियाँ नारी अपने पांव की का पाठ कर वातावरण को भावुक बना दिया ।चर्चित कवयित्री मंजूषा मन करुण रस का गीत ,फिर मिलूँ या न मिलूं दीदार तो कर लो,आखरी है ये मिलन अब प्यार तो कर लो सुनाकर श्रोताओं को भावुक कर दिया। रमाकांत झा ने समय और श्रम अधिक लगाकर जिसे सत्य विज्ञान बताए,उसे उच्च उच्चतर बनाकर मानव ईश्वर तक पहुंचाए तथा श्री वीरेंद्र वर्मा ने चलती है रेलगाड़ी छुक छुक गीत का गायन किया। यू के मिश्र ने अवसरवादी जातिवादी कविता करनेवाले कवियों पर कविता के माध्यम से कटाक्ष किया। अंत में अवकाश प्राप्त प्राचार्य श्रीमती निशा झा ने गोष्ठी को अत्यंत सार्थक बतलाते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# रथ यात्रा की पूर्व संध्या पर पुरी पहुंचे विधायक डॉ. संपत अग्रवाल

■ बाबा लिंगराज और माता बाट मंगला के दरबार में टेका माथा



**भुवनेश्वर/पुरी।** सनातन संस्कृति के सबसे बड़े और आलौकिक उत्सवों में से एक 'भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा' की धूम पूरे देश में है। विशेषकर ओडिशा की पावन नगरी पुरी में इस महापर्व को लेकर उल्लास और भक्ति का ज्वार उमड़ पड़ा है। देश-दुनिया से लाखों श्रद्धालु महाप्रभु जगन्नाथ, भद्रभ्राता बलभद्र और बहन सुभद्रा के रथों की एक झलक पाने और उनकी डोर थामने पुरी पहुंच रहे हैं।

इसी पावन और पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ के बसना विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल भी अपनी अनन्य आस्था प्रकट करने ओडिशा पहुंचे। विधायक डॉ. अग्रवाल अकेले नहीं, बल्कि अपने सपरिवार और आत्मीय मित्रों के साथ इस अलौकिक आध्यात्मिक यात्रा के साक्षी बने।

अपनी धार्मिक यात्रा के प्रथम चरण में विधायक डॉ. संपत अग्रवाल प्राकृत और पौराणिक नगरी भुवनेश्वर पहुंचे। वहां उन्होंने सबसे पहले ऐतिहासिक और दिव्य श्री लिंगराज मंदिर में जाकर देवाधिदेव महादेव (भगवान भोलेनाथ) की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

# पुणे-पुरी के मध्य 01 फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन



**बिलासपुर ( विश्व परिवार )।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये उन्हें कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु पुणे-पुरी के मध्य (एक तरफा) 01 फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है । इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर, बिलासपुर एवं रायगढ़ स्टेशनों में दिया गया है।

गाड़ी संख्या 01471 पुणे-पुरी स्पेशल ट्रेन दिनाँक 16 जुलाई गुरुवार 2026 को पुणे स्टेशन से सुबह 10.00 बजे रवाना होगी तथा दौंड कॉर्ड लाइन आगमन 11.08 बजे, प्रस्थान 11.11 बजे, अहिल्यानगर आगमन 12.32 बजे, प्रस्थान 12.35 बजे, बेलापूर आगमन 13.42 बजे, प्रस्थान 13.45 बजे, कोपरगांव आगमन 14.43 बजे, प्रस्थान 14.45 बजे, भुसावल आगमन 17.55 बजे, प्रस्थान 18.00 बजे, अकोला आगमन 19.57 बजे, प्रस्थान 20.00 बजे, बडनेरा आगमन 21.42 बजे, प्रस्थान 21.45 बजे, वर्धा आगमन 22.42 बजे, प्रस्थान 22.45 बजे, दूसरे दिन नागपुर आगमन 01.10 बजे, प्रस्थान 01.15 बजे, रायपुर आगमन 06.10 बजे, प्रस्थान 06.15 बजे, बिलासपुर आगमन 07.55 बजे, प्रस्थान 08.10 बजे, रायगढ़ आगमन 09.27 बजे, प्रस्थान 09.30 बजे, झारसुगुड़ा आगमन 11.05 बजे, प्रस्थान 11.07 बजे, संबलपुर सिटी आगमन 12.05 बजे, प्रस्थान 12.10 बजे, अनुगुल आगमन 15.20 बजे, प्रस्थान 15.22 बजे, कटक आगमन 17.50 बजे, प्रस्थान 17.55 बजे, भुवनेश्वर आगमन 18.35 बजे, प्रस्थान 18.40 बजे, खोरधा रोड आगमन 19.15 बजे, प्रस्थान 19.20 बजे होते हुये रात्रि 21.00 बजे पुरी स्टेशन पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 02 एसएलआरडी, 10 जनरल, 10 स्लीपर सहित 22 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें। उक्त स्पेशल ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।

# बस्तर से हथियारबंद नक्सल आतंक का पूर्ण सफाया ऐतिहासिक और युगांतरकारी उपलब्धि : भाजपा

■ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री शाह एवं मुख्यमंत्री साय को दी बधाई, कहा : 'डबल इंजन' सरकार ने सिद्ध किया संकल्प



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बस्तर में नक्सलवाद के ऐतिहासिक खात्मे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली राज्य सरकार को छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से बधाइयाँ दी हैं। श्री देव ने कहा कि नक्सली आतंक का सफाया भारतीय लोकतंत्र और आंतरिक सुरक्षा के इतिहास में एक 'युगांतरकारी मोड़' है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल के दौरान जिस नक्सलवाद को देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा करार दिया गया था, उसका समूल नाश प्रधानमंत्री श्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कुशल नेतृत्व, सुदृढ़ संकल्प और समयबद्ध रणनीति का परिणाम है। श्री देव ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने देश से नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए 31 मार्च 2026 की जो समय-सीमा तय की थी, हमारे सुरक्षा बलों और सरकार की प्रतिबद्धता से उसे सिद्ध कर लिया गया। यह चमत्कारिक उपलब्धि केंद्र और छत्तीसगढ़ सरकार की 'डबल इंजन' कार्यप्रणाली के कारण अर्जित हुई है। इसमें प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा की सक्रिय व उल्लेखनीय भूमिका रही है, जिन्होंने ज़मीनी स्तर पर रणनीति को अमलीजामा पहनाया। नक्सल प्रभावित इलाकों में प्रदेश सरकार द्वारा अमल में लाई जा रही 'पुनर्वास से पुनर्जीवन' योजना का जिक्र करते हुए कहा कि नक्सल कैडरों को आतंक का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटने का अंतिम अवसर देने के लिए साय सरकार ने मानवीय और प्रभावी पुनर्वास नीति को मंजूरी दी, जिसे अप्रैल 2025 से लागू किया गया। इसके अभूतपूर्व परिणाम सामने आए हैं। आत्मसमर्पण करने वालों को तीन वर्षों तक 10 हजार रुपये प्रति माह की सहायता, शहरी क्षेत्रों में 4 डिसमिल प्लॉट या ग्रामीण क्षेत्रों में 1 हेक्टेयर कृषि भूमि, और स्किल डेवलपमेंट का लाभ दिया जा रहा है। पुनर्वास हेतु 15 हजार प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए हैं। श्री देव ने कहा कि गाँव के पूरी तरह नक्सल मुक्त होने पर वहाँ 1 करोड़ रुपए के विकास कार्य तत्परता से स्वीकृत किए जा रहे हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने 'नियद नेल्लानार' योजना को बुनियादी विकास का सूर्योदय बताते हुए कहा कि सुरक्षा बलों द्वारा स्थापित किए गए 86 नए सुरक्षा कैंपों की सुरक्षा छतरी के नीचे बस्तर के दुर्गम कोनों तक शासकीय योजनाएँ पहुँची हैं। इन क्षेत्रों में 43 बारहमासी सड़कें, 78 नए मोबाइल टावर, 401 प्राथमिक शालाएं और 516 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। आजादी के 77 वर्ष बाद बीजापुर के चिल्कापल्ली गाँव, तेमेनार, पुसकोंटा और अबूझमाड़ के हांदावाड़ा में पहली बार बिजली पहुँची है। श्री देव ने कहा कि माओवादी कमांडर हिड़मा के पैतृक गाँव 'पुवर्ती' में सड़क-बिजली पहुँची और उसकी माँ तक को सरकारी योजनाओं का लाभ मिला है। रेकावया गाँव में आजादी के बाद पहला स्कूल बन रहा है। माओवादी हिंसा के कारण बंद पड़े 50 स्कूलों को दोबारा खोला गया है। सांस्कृतिक और खेल गौरव की चर्चा करते हुए श्री देव ने कहा कि 'बस्तर ओलंपिक' के जरिए नक्सल पीड़ित, दिव्यांग और आत्मसमर्पित युवाओं को मंच मिला।

# पूर्ववर्ती भूपेश सरकार ने अपराधियों को पाला-पोसा : विजयशंकर मिश्रा



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने महादेव बेटिंग एप और स्काई एक्सचेंज मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा हिरासत में लिए गए कारोबारी विकास गर्ग से रायपुर में हो रही पूछताछ के मद्देनजर दो टूक कहा है कि इस पूरे मामले और गिरफ्तार आरोपी विकास गर्ग का भारतीय जनता पार्टी से कोई सरोकार नहीं है। डॉ. मिश्रा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार ने खुद ऐसे आपराधिक तत्वों को प्रश्रय दिया और पाला-पोसा है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. मिश्रा ने कहा कि भूपेश सरकार के कार्यकाल में जितने भी अपराधी थे, वे सब उन्हीं के समर्थक या सम्पर्क वाले रहे हैं। भाजपा का स्पष्ट नीतिगत स्टैंड है कि किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। विकास गर्ग चाहे जितना भी बड़ा अपराधी हो या महादेव एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल का कितना भी करीबी सहयोगी क्यों न हो। यदि जाँच में उसके खिलाफदोष सिद्ध होता है, तो उसे सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

# शिवनंदनपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं सत्ता पक्ष विपक्ष के पार्षदों की लोक विकास पर बनी आम समिति

## पहली परिषद की बैठक में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का प्रस्ताव पारित

**गोपाल सिंह विद्रोही**



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**– नगर पंचायत शिवनंदनपुर की परिषद की बैठक में अध्यक्ष रितेश जायसवाल एवं उपाध्यक्ष अंशुल गोयल एवं पार्षदों की सभी पार्षदों की खुशनुमा माहौल मेंबैठक बैठक संपन्न हुई जिसमें राज्य प्रवर्तित मुक्तिधाम योजना अंतर्गत प्रस्तावित मुक्तिधाम निर्माण की प्राविधिक स्वीकृति पर चर्चा हुई। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के तहत नगर में मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी प्लांट की स्थापना के लिए प्रशासकीय स्वीकृति का विषय भी प्रमुखता से रखा गया। पार्षदों इस प्लांट के स्थापित होने से नगर में कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन और पुनर्चक्रण व्यवस्था को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताए है।नगरवासियों द्वारा लंबे समय से चली आ रही मांग को अब पूर्ण होने की पूरी संभावना बन गई है।

नगर पंचायत शिवनंदनपुर में पिछले दिनों को नगर पंचायत परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर के समग्र विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण एजेंडों पर खुशनुमा माहौल में विस्तार से चर्चा हुई परिषद ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक वार्ड वासियों के आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाएं बनाकर चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य कराए जाएंगे, ताकि नवगठित नगर पंचायत के प्रत्येक क्षेत्र को समान रूप से सुविधाओं का लाभ मिल सके।

सर्व समाज मांगलिक भवन के निर्माण का प्रस्ताव भी एजेंडे में शामिल था परिषद ने इस भवन को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक आयोजनों के लिए उपयोगी बताते हुए इसकी आवश्यकता पर चर्चा की।

व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा इसी क्रम में नगर में व्यवस्थित देने के उद्देश्य से हाट बाजार निर्माण, मों के विस्तार के सार्वजनिक सुविधाओं के लिए आकांक्षी शौचालय निर्माण, तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत संग्रहण के लिए डोर-टू.डोर कचरा संग्रहण आवश्यक सामग्री एवं मशीनरी की स्वीकृति पर भी विचार-विमर्श किया

बैठक में यह भी प्रस्ताव रखा गया कि नगर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से स्वच्छता दीदियों द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कराया जाए। इससे एक ओर नगर की सफाई बेहतर होगी तो दूसरी ओर महिला स्व सहायता समूहों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। परिषद ने अध्यक्ष एवं पार्षद निधि से कराए जाने वाले विकास कार्यों की स्वीकृति पर भी चर्चा की। साथ ही प्रधानमंत्री स्वीकृत आवासों की प्रगति की आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत समीक्षा की गई। बैठक में पीआईसी गठन पर भी कांग्रेसी पार्षदों ने आपत्ति दर्ज कराई। इस पर अध्यक्ष रितेश जायसवाल ने आश्वस्त किया कि दो आदिवासी कांग्रेसी पार्षदों द्वारा जो पत्र दिया गया है, उसे भी संलग्न करके मंत्रालय प्रेषित किया जाएगा। इस दौरान नगर पंचायत शिवनंदनपुर अध्यक्ष रितेश जायसवाल, उपाध्यक्ष अंशुल गोयल, पार्षद क्रमशः श्यामू साहू, प्रमिला साहू, मंजू गोयल, विमला देवी सिंह, बृजेंद्र सिंह, अंजलि राजवाड़े, हर्ष दनोदिया, वर्षा जायसवाल, संतोष जायसवाल, वाहिद, दीपमाला सोनी, प्रशांत चंदन सिंह, मनी बग्गा, अहमद अग्रवाल के अलावा सीएमओ सुनील सिन्हा

भाजपा गांव कांग्रेस की सभी पार्षद उपस्थित थे। परिषद सदस्यों ने नगर की मूलभूत समस्याओं के समाधान और भविष्य की विकास योजनाओं को लेकर अपने सुझाव प्रस्तुत किए। यहां पर कांग्रेसी पार्षदों ने नियमित रूप से ध्यान न देने वाले आवास मित्र के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई, जिस पर नोटिस जारी कर तीन दिनों का मौका दिया गया है। साथ ही नगर पंचायत गठन उपरांत अभी तक कराए गए निर्माण कार्यों का जांच उपरांत ही भुगतान किए जाने की बात कही गई। साथ ही सीएसआर मद से शव वाहन व स्ट्रीट भी कही गई।

**भाजपा से बर्खास्त पार्षद प्रशांत अग्रवाल ने महत्वपूर्ण रखी मांगे** – भारतीय जनता पार्टी के युवा पार्षद प्रशांत अग्रवाल ने लाइट की सुदृढ़ व्यवस्था करने, आरसीसी सड़क निर्माण ,जल्द पानी जमाव का निराकरण व बारात घर के पास कराने की मांग की है।

**परिषद की बैठक में सर्व सहमति से करोड़ रुपए का विकास कार्यों की मिली अनुमति**– नगर पंचायत के अध्यक्ष रितेश जायसवाल ने परिषद की बैठक के बाद बताया कि 95 लाख का मुक्तिधाम निर्माण, 65 लाख का एस आर एल एल एम सेंटर निर्माण, 150 लाख मंगल भवन वार्ड क्रमांक 5 एवं 1 में ,50 लाख का हाट बाजार राज्य परिवर्तित योजना के तहत निर्माण, 25 लाख का मीट मार्केट संरचना के मध्य स्थल का निर्माण ,16.90 लाख का शौचालय निर्माण ,67. 86 लाख का डस्टबिन खरीदी, ई रिक्शा 8 नाग, एक नाग ऑटो टिपर खरीदी, 60 लाख की अध्यक्ष एवं पार्षद निधि की स्वीकृति, 179.040 38 वासन की स्वीकृति महत्वपूर्ण प्रस्ताव भाईचारा एवं मधुरता के बीच आपसी सामंजस्य स्थापित करके पारित किया गया।

# बिलासपुर संभाग के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिला का मो0 इसराईल बने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला प्रभारी कार्यकर्ताओं खुशिया जाहिर की



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**– भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश संगठन के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह जी, प्रदेश संगठन महामंत्री श्री पवन साय जी, प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी श्री नवीन मार्कण्डेय जी की सहमति व अनुमोदन पाश्चात्य भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मखमूर इक़बाल खान के द्वारा संभाग प्रभारी – संभाग सह– प्रभारी एवं जिला प्रभारी तथा जिला सह–प्रभारियों की घोषणा की गई। जिस प्रभारियों के टीम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नेता मो. इसराईल बने गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले के जिला प्रभारी, क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल।

इससे पूर्व इन्होंने सरगुजा प्रभारी एवं जशपुर प्रभारी का दायित्व संभाल चुके हैं। जहां पार्टी संगठन को इनके कार्यक्षेत्र बेहतर मजबूती मिली है। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं सरगुजा संभाग के वरिष्ठ नेता मो. इसराईल को बिलासपुर संभाग अंतर्गत गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले का जिला प्रभारी नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। उनकी नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं, अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों, सामाजिक संगठनों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि मो. इसराइल लंबे समय से संगठन के प्रति समर्पित भाव से कार्य करते रहे हैं। उनकी सक्रियता, संगठनात्मक क्षमता और जनसंपर्क को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले में संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा पार्टी की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने में नई ऊर्जा का संचार होगा।

नियुक्ति के बाद मो. इसराइल ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने तथा पार्टी की विचारधारा को जन–जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

उनकी नियुक्ति पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है।

# दुर्दांत नक्सली हिड़मा का महिमामंडन छत्तीसगढ़ के शहीदों का अपमान, कांग्रेस विधायक अटल श्रीवास्तव बिना शर्त माफी मांगें – अनिल

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ की राजनीति में उस समय नया विवाद खड़ा हो गया, जब कांग्रेस विधायक अटल श्रीवास्तव द्वारा कथित रूप से दुर्दांत नक्सली कमांडर हिड़मा के महिमामंडन को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने इसे न केवल शहीद जवानों और नक्सली हिंसा के पीड़ित परिवारों का अपमान बताया, बल्कि कांग्रेस की नक्सल समर्थक मानसिकता का प्रमाण भी करार दिया।

अनिल चंद्राकर ने कहा कि हिड़मा झीरम घाटी हमले, ताड़मेटला कांड और बीजापुर–सुकमा सहित कई बड़े नक्सली हमलों का मास्टरमाइंड रहा है, जिसने छत्तीसगढ़ की धरती को जवानों और निर्दोष आदिवासियों के खून से लाल किया। ऐसे खूंखार नक्सली की तुलना महान विभूतियों से करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बस्तर में विकास कार्यों को गति देने के साथ नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक अभियान चला रही है, जिससे नक्सली संगठन लगातार कमजोर पड़ रहे हैं। ऐसे समय में कांग्रेस नेताओं के बयान उनकी नक्सलियों के प्रति कथित सहानुभूति को उजागर करते हैं।

भाजपा जिला अध्यक्ष ने कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व और आलाकमान से भी सवाल किया कि क्या वह अपने विधायक के इस बयान से सहमत हैं। यदि नहीं, तो अब तक उनके खिलाफ कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

# नरोत्तम साहू को रायपुर ग्रामीण पिछड़ा वर्ग मोर्चा का प्रभारी, कार्यकर्ताओं में उत्साह



**गरियाबंद।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए वरिष्ठ नेता नरोत्तम साहू को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा रायपुर ग्रामीण का प्रभारी तथा रायपुर संभाग का सह प्रभारी नियुक्त किया है। नियुक्ति की घोषणा होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारियों में हर्ष और उत्साह का माहौल है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने नरोत्तम साहू को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व, संगठनात्मक अनुभव और सक्रिय कार्यशैली का लाभ रायपुर ग्रामीण क्षेत्र में पार्टी को मिलेगा। नरोत्तम साहू लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी के समर्पित एवं सक्रिय कार्यकर्ता रहे हैं। उन्होंने संगठन की विभिन्न जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए पार्टी की विचारधारा को जन–जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पार्टी नेतृत्व ने उनकी संगठन क्षमता, समाज के विभिन्न वर्गों के साथ बेहतर समन्वय और लंबे अनुभव को देखते हुए यह अहम दायित्व सौंपा है। नियुक्ति के बाद नरोत्तम साहू ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जिस विश्वास के साथ उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि रायपुर ग्रामीण क्षेत्र में पिछड़ा वर्ग के बीच संगठन को और अधिक मजबूत किया जाएगा तथा केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा का मूल उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचना है। पार्टी कार्यकर्ताओं के सहयोग से बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाया जाएगा तथा आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए व्यापक जनसंपर्क अभियान संचालित किया जाएगा। नरोत्तम साहू की नियुक्ति पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग मोर्चा रायपुर ग्रामीण संगठनात्मक रूप से और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार होगा। साथ ही रायपुर ग्रामीण क्षेत्र में पिछड़ा वर्ग संगठन को सशक्त बनाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जाएगा।

# स्केटिंग पर निकला आस्था का सफर: 11 हजार किमी तय कर गरियाबंद पहुंचे मुन्नार निषाद, हुआ भव्य स्वागत

## 10 महीने से स्केटिंग के जरिए भारत भ्रमण, 12 ज्योतिर्लिंग और प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन का लिया संकल्प



**गरियाबंद।** स्केटिंग के पहियों पर आस्था, साहस और संकल्प की अनूठी मिसाल पेश करते हुए उत्तर प्रदेश के गोरखपुर निवासी मुन्नार निषाद मंगलवार को अपनी भारत यात्रा के दौरान गरियाबंद पहुंचे। भूतेश्वरनाथ चौक पर जगन्नाथ युवा बाल परिवार और स्थानीय नागरिकों ने फूल–मालाओं, जयघोष और आतिशबाजी के बीच उनका जोरदार स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत मुन्नार ने कहा कि छत्तीसगढ़ में उन्हें हर जगह परिवार जैसा स्नेह और सम्मान मिला है।

मुन्नार निषाद पिछले करीब 10 महीनों से स्केटिंग के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों का भ्रमण कर रहे हैं। उनकी अनोखी यात्रा गुजरात से शुरू हुई, जिसके बाद वे गोवा, तेलंगाना, मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों का सफर तय करते हुए छत्तीसगढ़ पहुंचे। बीजापुर और गीदम से होते हुए वे गरियाबंद पहुंचे, जहां से आगे विश्व प्रसिद्ध बाबा भूतेश्वरनाथ के दर्शन के लिए रवाना हुए।

अब तक वे स्केटिंग के जरिए लगभग 11 हजार किलोमीटर की दूरी तय कर चुके हैं। उनका उद्देश्य 12 ज्योतिर्लिंग सहित देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन करना और सनातन संस्कृति के प्रति लोगों को जागरूक करना है।

मुन्नार निषाद ने कहा, मैं उत्तर प्रदेश के गोरखपुर का रहने वाला हूं और स्केटिंग के माध्यम से पूरे भारत की यात्रा कर रहा हूं। पिछले करीब एक महीने से मैं छत्तीसगढ़ में हूं। यहां के लोगों ने मुझे हर जगह भरपूर स्नेह दिया है। रहने और खाने की व्यवस्था भी परिवार की तरह की गई। गरियाबंद में जो सम्मान मिला, उससे मैं अभिभूत हूं। मेरा उद्देश्य सनातन धर्म का प्रचार–प्रसार करना और 12 ज्योतिर्लिंग सहित देश के प्रमुख मंदिरों के दर्शन करना है। सच में, 'छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया।'

भव्य स्वागत के बाद मुन्नार निषाद ने सभी का आभार व्यक्त किया और बाबा भूतेश्वरनाथ के दर्शन के लिए अपनी स्केटिंग यात्रा पर आगे रवाना हो गए। उनकी यह अनूठी यात्रा जहां युवाओं को साहस और अनुशासन का संदेश दे रही है, वहीं देश की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत से जुड़ने की प्रेरणा भी बन रही है।

# कलेक्टर बीएस उइके ने पर्यटन समिति की बैठक में दिए निर्देश, सुरक्षा, स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता

**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** मानसून सीजन में गरियाबंद के प्राकृतिक सौंदर्य को पर्यटन की नई पहचान दिलाने की तैयारी शुरू हो गई है। जिले के प्रसिद्ध जलप्रपातों, धार्मिक स्थलों और प्राकृतिक पर्यटन केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के साथ ही पर्यटकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जिला पर्यटन समिति की बैठक में कलेक्टर बीएस उइके ने जिले में पर्यटन विकास की संभावनाओं और पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गरियाबंद प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से बेहद समृद्ध जिला है तथा मानसून के दौरान यहां बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। इसे देखते हुए सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, पार्किंग, संकेतक बोर्ड और अन्य मूलभूत सुविधाएं विकसित की जाएं।

बैठक में जतमई और घटारानी जैसे प्रमुख धार्मिक एवं प्राकृतिक पर्यटन स्थलों की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन और स्वच्छता व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए गए। वहीं कुल्हाड़ीघाट क्षेत्र में पर्यटन



विकास की संभावनाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

कलेक्टर ने देवधारा, बोतलधारा, चिंगरापगार, कोयबा रिसॉर्ट, चौकसिल देवस्थल, सनराइज प्वाइंट, गोड़ेना जलप्रपात, ओड़ क्षेत्र के कारीपगार जलप्रपात, बनियाधस और बुढ़ाराजा जलप्रपात सहित अन्य प्राकृतिक स्थलों को पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक में पहाड़ी ट्रैकिंग, कैंपिंग, मड हाउस, ट्री हाउस और प्रकृति आधारित पर्यटन गतिविधियों के विकास पर भी चर्चा हुई। साथ ही पर्यटन विभाग के नियमानुसार जिले के सभी होटल और आवासीय प्रतिष्ठानों का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि पर्यटक ऑनलाइन माध्यम से भी आसानी से बुकिंग कर सकें।

कलेक्टर ने बताया कि उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व में फ्लाइंग स्क्रिरल (उड़न गिलहरी) और हॉर्नबिल सफारी जैसी विशेष प्राकृतिक पर्यटन गतिविधियां संचालित हैं, जिन्हें और अधिक विकसित किए जाने की आवश्यकता है।

मानसून के दौरान जलप्रपातों और नदी–नालों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश देते हुए उन्होंने खतरनाक स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाने, बैरिकेडिंग करने, आवश्यकता अनुसार सुरक्षाकर्मियों की तैनाती और पर्यटकों को लगातार जागरूक करने पर जोर दिया, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी और पर्यटन संस्थान के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### एआई के साथ और स्मार्ट होगी आपकी सेहत, 22 जुलाई को पेश होगी नई गैलेक्सी वॉच

जैसे-जैसे एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनता जा रहा है, मोबाइल डिवाइस इसके इस्तेमाल का सबसे अहम माध्यम बन रहे हैं। सैमसंग का लक्ष्य एआई को लोगों की दैनिक जिंदगी का ऐसा हिस्सा बनाना है, जो बिना किसी जटिलता के उनकी जरूरतों के मुताबिक काम करे और हर कदम पर उपयोगी साबित हो। इसी दिशा में कंपनी अपने पूरे गैलेक्सी इकोसिस्टम में एआई आधारित स्मार्ट फीचर्स का विस्तार कर रही है। इसमें गैलेक्सी वॉच की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी, जो हमेशा सक्रिय रहकर यूजर्स को उनकी सेहत से जुड़ी व्यक्तिगत और उन्नत जानकारी उपलब्ध कराएगी। नई गैलेक्सी वॉच यूजर्स को बिना किसी अतिरिक्त प्रयास के बेहतर हेल्थ मॉनिटरिंग का अनुभव देगी। यह बैकग्राउंड में लगातार काम करते हुए सेहत से जुड़ी जानकारियां जुटाएगी और हेल्थ मॉनिटरिंग को रोजमर्रा की दिनचर्या का सहज हिस्सा बना देगी। नए इंटरनल हार्डवेयर और बेहतर बैटरी के साथ आने वाली यह स्मार्टवॉच पहले से ज्यादा समय तक और अधिक सटीक तरीके से हेल्थ डेटा रिकॉर्ड कर सकेगी। गैलेक्सी वॉच अब तक यूजर्स की नींद, मूवमेंट और दैनिक गतिविधियों को ट्रैक कर उनकी सेहत की अहम जानकारियां जुटाती रही है। अब एआई से मिलने वाले स्मार्ट इनसाइट्स के साथ यह पहले से ज्यादा सक्षम हो गई है। इसकी मदद से यूजर्स अपनी सेहत को रियल-टाइम में बेहतर ढंग से समझ सकेंगे और समय रहते जरूरी कदम भी उठा पाएंगे। सैमसंग 22 जुलाई को शाम 6:30 बजे (भारतीय समयानुसार) आयोजित गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट में नई गैलेक्सी वॉच से पर्दा उठाएगा।

### गुजरात इंजेक्ट (केरल) लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के स्टैंडअलोन वित्तीय नतीजों की घोषणा की

**वडोदरा।** गुजरात इंजेक्ट (केरल) लिमिटेड (बीएसई: 524238) के निदेशक मंडल ने 30 जून, 2026 को समाप्त पहली तिमाही के स्टैंडअलोन अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने मजबूत वित्तीय प्रदर्शन दर्ज करते हुए सौर ऊर्जा और स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में अपने रणनीतिक बदलाव को और मजबूती दी है।

वित्तीय प्रदर्शन की प्रमुख बातें :- परिचालन से आय : वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 12.45 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 2.42 करोड़ रुपये की तुलना में 414.4 प्रतिशत अधिक है।

शुद्ध लाभ (PAT): पहली तिमाही में कंपनी का स्टैंडअलोन शुद्ध लाभ 1.25 करोड़ रुपये रहा, जबकि वित्त वर्ष 2025-26 की समान अवधि में यह केवल 7.35 लाख रुपये था। चौथी तिमाही एवं पूरे वर्ष से तुलना: हालांकि पहली तिमाही का राजस्व वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही के 30.70 करोड़ रुपये की तुलना में कम रहा, लेकिन लाभप्रदता मजबूत बनी रही। पहली तिमाही का 1.25 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ, पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के कुल 1.81 करोड़ रुपये के स्टैंडअलोन शुद्ध लाभ का लगभग 69 प्रतिशत है। यह कंपनी की बेहतर परिचालन दक्षता और बढ़े हुए लाभ मार्जिन को दर्शाता है।

### क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन ने खरीफ 2026 के लिए छह नेक्स्ट-जेनरेशन इनोवेशन पेश किए

क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड ने आज खरीफ 2026 सीज़न के लिए छह नेक्स्ट-जेनरेशन इनोवेशन लॉन्च करने की घोषणा की। बदलते कीड़ों के दबाव, मौसम के बदलते पैटर्न और बीमारियों के बदलते डायनामिक्स को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया यह नया पोर्टफोलियो, बहुत ज़्यादा रिसर्च, फ़ील्ड की कड़ी जांच और किसान-केंद्रित प्रोडक्ट डेवलपमेंट के ज़रिए बनाया गया है। ये लॉन्च, साइंस-समर्थित इनोवेशन के ज़रिए किसानों को फ़ायदेमंद खेत बनाने में मदद करने के क्रिस्टल के कमिटमेंट को और पक्का करते हैं। सोयाबीन हर्बिसाइड सेगमेंट में अपनी नेतृत्व को मज़बूत करने के लिए, क्रिस्टल ने सोयाबीन के लिए समोरियन पेश किया है, जिसमें घास औरचौड़ी पत्ती वाले खरपतवारों के खिलाफ़ पेटेंटेड तीन-तरफ़ा एक्शन मोडहै। मक्के में खरपतवार की मुश्किल चुनौतियों को देखते हुए, क्रिस्टल नेअपना पेटेंटेड कॉम्बिनेशन हर्बिसाइड टाकुरो भी लॉन्च किया है, जो तेज़सिस्टमिक एक्शन और लंबे समय तक चलने वाले बचे हुए कंट्रोल केसाथ तीन-लेयर वाला खरपतवार मैनेजमेंट देता है। ये टेक्नोलॉजी मिलकर खरपतवार के मुकाबले को कम करने और फ़सलको मज़बूती से लगाने में मदद करती हैं। अपने धान के फ़ंगीसाइड पोर्टफ़ोलियो को मज़बूत करते हुए, क्रिस्टल ने ज़ेबेरिया पेश किया, जो फंगल और बैक्टीरियल बीमारियों से कईजगहों पर सुरक्षा देता है, साथ ही डुअल-एक्शन फ़ंगीसाइड मैक्सेंट्रा भीपेश किया, जो कई फ़सल स्टेज में बड़े पैमाने पर बीमारी पर कंट्रोल करता है। ये सब मिलकर, ज़्यादा सेहतमंद फ़सलों, बेहतर अनाज की क्वालिटी औरज़्यादा पैदावार के लिए बीमारी मैनेजमेंट की एक पूरी स्ट्रेटेजी देते हैं।

दैनिक विश्व परिवार महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, गुरुवार 16 जुलाई 2026


# ग्रामीण विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ना विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : मुख्यमंत्री साय

■ मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने 'भावना दीदी की साइंस पाठशाला' को दिखाई हरी झंडी



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ में ग्रामीण विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों से जोड़ने और विज्ञान आधारित शिक्षा को नई दिशा देने की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत हुई। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज विधानसभा परिसर से 'भावना दीदी की साइंस पाठशाला' के अंतर्गत संचालित नि:शुल्क मोबाइल इमर्जिंग टेक्नोलॉजी लैब को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अत्याधुनिक मोबाइल लैब पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विद्यालयों तक पहुँचकर विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), रोबोटिक्स, ड्रोन, 3डी प्रिंटिंग, कोडिंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT), एयरोमॉडलिंग तथा ऑगमेंटेड एवं वर्चुअल रियलिटी (AR/VR) जैसी आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करेगी।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए आवश्यक है कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे भी आधुनिक विज्ञान और तकनीक की मुख्यधारा से जुड़ें। उन्होंने कहा कि 'भावना दीदी की साइंस पाठशाला' केवल एक मोबाइल लैब नहीं, बल्कि ग्रामीण विद्यार्थियों के सपनों को नई उड़ान देने वाली अभिनव पहल है। यह बच्चों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार, आत्मविश्वास और तकनीकी दक्षता विकसित करने का प्रभावी माध्यम बनेगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज पूरी दुनिया कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स, ड्रोन, डेटा साइंस और डिजिटल तकनीकों की ओर तेजी से आगे बढ़ रही है। ऐसे समय में यह आवश्यक है कि ग्रामीण अंचलों के विद्यार्थियों को भी इन उभरती हुई तकनीकों का ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि अवसरों में किसी प्रकार की असमानता न रहे और गाँव का बच्चा भी भविष्य की तकनीकों में उतना ही सक्षम बने जितना किसी महानगर का विद्यार्थी होता है।

उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति का मूल उद्देश्य भी विद्यार्थियों में कौशल, नवाचार, प्रयोगधर्मिता और रचनात्मक सोच का विकास करना है। यह मोबाइल लैब उसी दिशा में एक सार्थक प्रयास है, जो बच्चों को केवल तकनीक का उपयोग करना ही नहीं सिखाएगी, बल्कि उन्हें नई तकनीकों के निर्माण और नवाचार की दिशा में भी प्रेरित करेगी।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज का युग विज्ञान और तकनीक का युग है तथा बच्चों को समय के साथ नई तकनीकों से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है।

# रथयात्रा के पावन अवसर पर महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने दी बधाई

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राजधानी शहर की प्रथम नागरिक रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, नगर पालिक निगम के सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़, नगर पालिक निगम संस्कृति विभाग के अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर सहित समस्त एमआईसी सदस्यों, सभी जोन अध्यक्षगणों, वार्ड पार्षदों, एल्डरमैनों ने समस्त नगरवासियों को महाप्रभु श्री जगन्नाथ स्वामी, भगवान श्री बलभद्र एवं माता सुभद्रा की जगप्रसिद्ध श्री रथयात्रा महापर्व दिनांक 16 जुलाई 2026 गुरूवार के पावन अवसर पर अग्रिम हार्दिक शुभकामनायें देते हुये समस्त नगरवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और शान्ति प्रदान करने राजधानी शहर रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र सहित सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य क्षेत्र में सुख, समृद्धि हरियाली और खुशहाली लाने कार्य करने सकारात्मक प्रेरणा शक्ति प्रदान करने महाप्रभु श्री जगन्नाथ स्वामी, भगवान श्री बलभद्र एवं माता सुभद्रा के दिव्य श्रीचरणों में सामूहिक विनम्र प्रार्थना की है.





महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़, संस्कृति विभाग अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर सहित समस्त एमआईसी सदस्यों, जोन अध्यक्षगणों, वार्ड पार्षदों, एल्डरमैनों ने कहा है कि पवित्र श्री रथयात्रा महापर्व की विगत अनेक वर्षो से प्रत्येक वर्ष महापर्व अवसर की प्रत्येक नागरिक को प्रतीक्षा रहती है. यह महापर्व नागरिकों के लिए जीवन में प्रसन्नता एवं खुशियाँ लाने का अवसर माना जाता है. यह अवसर महाप्रभु श्री जगन्नाथ स्वामी, भगवान श्री बलभद्र एवं माता सुभद्रा की विशेष पूजा आराधना के साथ उनके शुभ दर्शन लाभ को प्राप्त करने सहित जीवन में सकारात्मक ऊर्जा शक्ति जागृत करने का एक श्रेष्ठ सुअवसर माना जाता है।

# अतुल फाउंडेशन ने बैहार में किया पौधरोपण, 300 पौधे का रखा लक्ष्य



**आरंग ( विश्व परिवार )।** बुधवार को अतुल फाउंडेशन संस्था ने बैहार गौठान में पौधरोपण कर हरियाली का संदेश दिया। संस्था के टेरिटरी मैनेजर द्वारिका सिंह ने बताया यह संस्था प्रतिवर्ष बरसात में बड़ी संख्या में पौधरोपण करते आ रहे हैं इस वर्ष भी इनके संस्था ने आरंग नगर व क्षेत्र में 300 बड़े पौधे रोपित करने का लक्ष्य रखा है। संस्था द्वारा पौधरोपण अभियान का शुभारंभ बैहार से किया गया। जिसमें पीपल ,मौलश्री, बादाम का पांच पौधे रोपित किया गया। पौधरोपण अभियान में प्रमुख रूप से अतुल लिमिटेड से द्वारिका सिंह उपस्थित रहे।

साथ ही पौधरोपण में मां विद्या बीज सहकारी समिति के प्रबंधक दूजेराम धीवर, द्वारिका साहू, संजय साहू, रूपेश साहू, संदीप धीवर, सागर धीवर, मिलन निषाद तथा पीपला वेलफेयर फाउंडेशन से महेन्द्र कुमार पटेल, होरीलाल पटेल, अशोक साहू, संतोष साहू, संजय मेश्राम, गजेंद्र साहू, मनीष गुप्ता एवं नागरिकों की सहभागिता रही।

# महापौर परिषद की बैठक में विभिन्न विषयो पर हुई चर्चा

■ पाईप लाईन विस्तार, नाला निर्माण, निगम स्वामित्व की दुकानो का जीणोद्धार जैसे महत्वपूर्ण विषयो पर लिया गया निर्णय



**राजनांदगांव ( विश्व परिवार )।** महापौर मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक निगम स्थित महापौर कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रण, पाईप लाईन विस्तार, इंटर कनेक्शन, निगम स्वामित्व की दुकानो का जीर्णोद्धार के अलावा आगनबाडी सहायिका नियुक्ति, जाति प्रमाण पत्र, दुकानो की लीज अवधि में वृद्धि करने संबंधी विषयो पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया।

महापौर श्री यादव ने बैठक के संबंध में बताया कि बजट प्रावधान अनुसार लखोली, कन्हारपुरी से मोहारा बाईपास तक, रेवाडीह चैक से गोकुल नगर तक नाला निर्माण करने निविदा आमंत्रित करने की स्वीकृति प्रदान की गयी। इसी प्रकार पेयजल सप्लाई के लिए पाईप लाईन विस्तार करने, इंटर कनेक्शन कार्य की स्वीकृति प्रदान की गयी। साथ ही निगम स्वामित्व के टाउन हाल परिसर जी.रोड के किनारे की 38 दुकाने एवं कस्तूरबा महिला मण्डल रोड की 18 दुकानो का जीर्णोद्धार करने निर्माण की स्वीकृति दी गयी।

इसी प्रकार राष्ट्रीय परिवार सहायता योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियो को राशि देने की स्वीकृति तथा समाजिक सुरक्षा पेंशन अंतर्गत पात्र हितग्राहियो को पेंशन राशि देने अनुशंसा की गयी। इसी कडी में आंगनबाडी सहायिका एवं पालना सहायिका नियुक्ति, जाति प्रमाण पत्र के प्रकरण, दुकानो की लीज अवधि में वृद्धि करने तथा नामांतरण के प्रकरणो के अलावा मवेशी बाजार नीलामी में प्राप्त उच्चतम बोली की स्वीकृति सहित मोबाईल टावर एवं भूमिगत केबल पर संपत्तिकर अधिरोपण के संबंध में चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया।

## सीएम हेल्पलाइन बनी उम्मीद की नई राह

**बलौदाबाजार।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर शुरू किये गये सीएम हेल्पलाइन 1076 से लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण हो रहा है। सीएम हेल्पलाइन से दिव्यांग नूतन कुमार रजक को व्हीलचेयर मिला जिससे उसके कई कार्य आसान हो गया। ग्राम अर्जुनी स्थित बजरंग चैक शीतला मंदिर के पास रहने वाले 32 वर्षीय नूतन कुमार रजक का जीवन वर्ष 2025 में एक सड़क दुर्घटना के बाद पूरी तरह बदल गया। हादसा इतना गंभीर था कि उनके दोनों पैर काटने पड़े। इस घटना ने न केवल उनकी शारीरिक क्षमता छीन ली, बल्कि घर से लगे छोटे से जनरल स्टोर तक पहुंचना भी उनके लिए बेहद कठिन हो गया। रोजमर्रा के छोटे-छोटे काम भी दूसरों की मदद के बिना संभव नहीं रह गए। ऐसे कठिन समय में एक दिन उन्होंने समाचार पत्र में सीएम हेल्पलाइन के बारे में पढ़ा। उनके मन में उम्मीद जगी कि शायद उनकी समस्या का भी समाधान इस माध्यम से हो सके।

# छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सियासी नाव डूबने के कगार पर : भाजपा

■ 'बघेल आज अपनी ही पार्टी में हाशिए पर, 'फरमाबरदार' ही दिखा रहे हैं तेवर



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता व सांसद संतोष पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के लगातार घटते सियासी कद पर करारा तंज कसा है। श्री पाण्डेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सियासत में कांग्रेस आज उस बदहाली के दौर में पहुँच गई है, जहाँ कभी 'सुपर सीएम' कहलाने वाले भूपेश बघेल तक की सियासी हैसियत दाँव पर लगी है। जब खुद बघेल अपनी जमीन बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, तो कांग्रेस के बाकी नेताओं की स्थिति का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है।

भाजपा के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता व सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि सत्ता के अहंकार में चूर होकर कभी मुख्यमंत्री रहते हुए जिन भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'आईना' भेजने की बचकानी हरकत की थी, आज कुदरत का न्याय देखिए कि कांग्रेस के अपने ही लोग बघेल को रोज आईना दिखा रहे हैं! युवा कांग्रेस के चुनाव ने इस सच को पूरी तरह जगजाहिर कर दिया है। श्री पाण्डेय ने कहा कि राजनीति में वफादारियाँ बदलते देर नहीं लगती, खासकर तब जब सत्ता हाथ से चली जाए। कभी भूपेश बघेल के सबसे खास और 'फरमाबरदार' रहे कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव ने युवक कांग्रेस के चुनाव में बघेल समर्थित प्रत्याशी के खिलाफ अपना उम्मीदवार मैदान में उतारकर यह साबित कर दिया है कि अब बघेल का खौफ और जादू दोनों ही खत्म हो चुका है।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए आयुक्त ने ली बैठक

**राजनांदगांव ( विश्व परिवार )।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम ने आज अपने कक्ष में विद्युत, निगम एवं बैक के अधिकारियो एवं वेंडर्स की बैठक ली। बैठक में निकाय क्षेत्र में योजना का लाभ देने अधिक से अधिक सोलर पैनल लगाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गयी।



बैठक मे आयुक्त श्री मरकाम ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शासन की महत्वकाक्षी योजना है। योजना का प्रमुख उद्देश्य अपने घर मे ही उर्जा उत्पादन कर बिजली बिल से मुक्ति पाना एवं उर्जा संरक्षण करना है। उन्होंने कहा कि योजना का शहर सीमा में नागरिको को अधिक से अधिक लाभ देने प्रचार प्रसार करना है। कलेक्टर महोदय का निर्देश है कि कम से कम 10 हजार शहरी घर में सोलर पैनल लगे, इसके लिये प्रमुखता से कार्य करना है। घर में बिजली खपत के अनुसार पैनल लगाना है, इस हेतु बैक ऋण की भी सुविधा है, इस संबंध मे जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि महापौर महोदय ने भी आगामी दिनो में शहर में प्रचार प्रसार के लिए पार्षदो की कार्यशाला आयोजित करने कहा है। इस संबंध में भी रूप रेखा तैयार करने चर्चा की गयी।

# संपर्क केंद्र की तत्परता से बिछडे 15 वर्षीय बालक परिवार से मिला

**बलौदाबाजार-भाटापारा ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में संचालित जिला संपर्क केंद्र की त्वरित कार्रवाई और प्रभावी समन्वय से महाराष्ट्र में अपने परिवार से बिछड़ा 15 वर्षीय बालक सालिक राम ध्रुव सकुशल अपने माता-पिता से मिल गया। बालक के सुरक्षित घर लौटने पर परिवार की खुशियां लौट आईं और भावुक माता-पिता ने जिला प्रशासन के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गिन्दोला, तहसील लवन निवासी दुलेश ध्रुव अपने परिवार सहित वर्तमान में कामठी (महाराष्ट्र) में मजदूरी कार्य करते हैं। इसी दौरान उनका 15 वर्षीय पुत्र सालिकराम ध्रुव अचानक परिवार से बिछड़ गया। कामठी थाना क्षेत्र में अकेले घूमते हुए पाए



जाने पर स्थानीय पुलिस ने बालक को संरक्षण में लिया और उससे पूछताछ कर उसके परिजनों के संबंध में जानकारी जुटाई। जानकारी के आधार पर कामठी पुलिस ने 11 जुलाई 2026 को बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में संचालित संपर्क केंद्र के हेल्पलाइन नंबर 9201899925 पर संपर्क कर घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही संपर्क केंद्र की टीम ने तत्काल सक्रिय होकर संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित किया तथा ग्राम गिन्दोला पहुंचकर बालक के परिजनों की प्रामाणिकता का सत्यापन कराया।

# बलौदाबाजार जिले में स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर प्रारंभ

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न औद्योगिक संस्थानों के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सी.एस.आर.) मद के सहयोग से इस वर्ष बलौदाबाजार स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर का संचालन स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रारंभ किया गया है। प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से जिले के बालक एवं बालिकाओं को अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिदिन प्रात: 6 बजे तथा सायं 5 बजे वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, मल्लखम्ब एवं कराते खेलों का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण केंद्र का उद्देश्य जिले की खेल प्रतिभाओं को प्रारंभिक स्तर से ही व्यवस्थित प्रशिक्षण उपलब्ध कराना तथा उनके खेल कौशल, शारीरिक



क्षमता, मानसिक दृढ़ता एवं अनुशासन का समग्र विकास करना है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले खिलाड़ी स्कूल गेम्स, ओपन जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में सहभागिता कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे तथा जिले एवं प्रदेश का गौरव बढ़ाने का अवसर प्राप्त करेंगे। जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

# महतारी वंदन योजना से मिली आर्थिक संबल की राशि

■ बस्तर की परंपरा और महिलाओं की आत्मनिर्भरता को मिल रही नई ताकत



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** महतारी वंदन योजना महिलाओं को केवल आर्थिक सहायता ही नहीं दे रही, बल्कि उनकी पारंपरिक आजीविकाओं और स्थानीय संस्कृति को भी नई ऊर्जा प्रदान कर रही है। प्रदेश के बस्तर अंचल में इसका एक प्रेरक उदाहरण देखने को मिला है, जहां बस्तर जिला के जगदलपुर विकासखंड के ग्राम मांझीगुड़ा की श्रीमती चंदा ने योजना से प्राप्त राशि का उपयोग गोंचा पर्व में उपयोग होने वाली पारंपरिक तुपकी के निर्माण में किया है। इससे न केवल उनके परिवार की आय बढ़ने की उम्मीद है, बल्कि बस्तर की सांस्कृतिक धरोहर को भी नई पीढ़ी तक पहुंचाने में मदद मिल रही है।

बस्तर का प्रसिद्ध गोंचा पर्व धार्मिक आस्था, लोक परंपरा और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। पर्व की तैयारियों के बीच चंदा अपने पति श्री चिगडू और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर बड़ी संख्या में तुपकी तैयार कर रही हैं। गोंचा पर्व के दौरान इन तुपकियों की विशेष मांग रहती है, जिससे परिवार को अतिरिक्त आय प्राप्त होती है और आर्थिक स्थिति मजबूत होती है।

# विधानसभा में गूंजा इंद्रावती टाइगर रिजर्व का मामला

■ बाघों के शिकार पर विपक्ष के सवाल,

■ वन मंत्री बोले- 41 आरोपी गिरफ्तार, दोषियों पर सख्त कार्रवाई

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र में इंद्रावती टाइगर रिजर्व में बाघों के शिकार का मामला जोरदार ढंग से उठा। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए बाघों के लगातार शिकार और कथित लापरवाही का मुद्दा सदन में उठाया। कांग्रेस विधायक शेषराज हरवंश, विक्रम मंडावी और लखेश्वर बघेल ने भी सरकार को इस मुद्दे पर घेरा।




## आईबी जवान का नाम सार्वजनिक क्यों नहीं?

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने सवाल किया कि बाघ शिकार मामले में गिरफ्तार महाराष्ट्र पुलिस के इंटेलिजेंस सेल से जुड़े जवान का नाम सार्वजनिक क्यों नहीं किया गया। उन्होंने पूछा कि क्या इसके पीछे कोई राजनीतिक संरक्षण या सिंडिकेट है। महंत ने कहा कि विभाग को पहले से अलर्ट मिलने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई और पिछले 30 महीनों में छह बाघों की मौत हुई है।

## वन मंत्री ने आरोपों का किया खंडन

वन मंत्री केदार कश्यप ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि किसी भी आरोपी को बचाने या उसका नाम छिपाने का प्रयास नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि इंद्रावती टाइगर रिजर्व में 126 कैमरे लगाए गए हैं और सभी कैमरे पूरी तरह कार्यशील हैं। विभाग लगातार गश्त और निगरानी कर रहा है तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## इंद्रावती में पांच बाघों की पुष्टि

विधायक विक्रम मंडावी के सवाल पर वन मंत्री ने बताया कि 2022 की गणना के अनुसार इंद्रावती टाइगर रिजर्व में पांच बाघों की पुष्टि हुई थी। उन्होंने कहा कि अब तक छह बाघों की खाल बरामद हुई है, लेकिन यह वैज्ञानिक रूप से अभी पुष्टि नहीं हुई है कि सभी खालें इंद्रावती के बाघों की ही हैं। रिजर्व के संरक्षण पर प्रतिवर्ष लगभग 10 करोड़ रुपये खर्च किए जाते हैं।

## महाराष्ट्र से जुड़े आरोपियों की गिरफ्तारी

वन मंत्री ने सदन को बताया कि 29 जून 2026 को मिली खुफिया सूचना के आधार पर वन विभाग और पुलिस की संयुक्त एंटी-पोचिंग टीम ने कांकेर जिले के बांदे-पखाजूर मार्ग पर कार्रवाई कर महाराष्ट्र के गढ़चिरौली निवासी बियेश्वर गेड़ाम और बाबूराव मडावी को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से दो बाघों की खाल, 13 मूंछें और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। पूछताछ में सामने आया कि बियेश्वर गेड़ाम महाराष्ट्र पुलिस के इंटेलिजेंस सेल (विशेष शाखा) में पुलिस सिपाही है, जबकि बाबूराव मडावी गढ़चिरौली पुलिस का गोपनीय मुखबिर था।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (वि./यां) संभाग नवा रायपुर (छ.ग.)**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक-1651/NIT-15/2026-2027/ व ले लि — दिनांक : 13/07/2026


निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 20/07/2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :-27/07/2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :-28/07/2026 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम /NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख मे) अमानत राशि (रु.मे) बैंक साल्वेंसी (रु.में) | निविदा प्रपत्र की कीमत (रु.में) | निविदाकारों की श्रेणी | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 15 T0058 | Annual Maintenance and repairing work of 1 No. lift machines installed in Administration academy Nimora Under PWD E/M sub Division Nava Raipur, Atal Nagar C.G दिवतीय आमंत्रण | 1.72 2000.00 25800.00 | B 300.00 | ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक | 12 वर्षा ऋतु सहित |

निविदा शर्तें -
निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.pwd.cg.nic.in में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र मे उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि./याँ)
संभाग नवा रायपुर (छ.ग.)

जी- 262702106/1



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

# सुघर छत्तीसगढ़



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## एक महा अभियान, जो घर-घर तक पहुंचाएगा सुशासन का लाभ

## नियद नेल्ला नार
मॉडल का राज्यव्यापी विस्तार

23 जिलों में 31 जनकल्याणकारी योजनाओं के संतृप्तिकरण का व्यापक कार्यक्रम



हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

सुशासन से समृद्धि की ओर

ChhattisgarhCMO | DPRChhattisgarh | www.dprcg.gov.in

SAMVAD- 48387/1